आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ ...
• वर्ष- 16 अंक 336 - • जबलपुर • सोमवार, 09 जनवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ कृष्ण पक्ष 3 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## ब्राजील में भारी हंगामा, राष्ट्रपति भवन, संसद और सुप्रीम कोर्ट में घुसे प्रदर्शनकारी

**ब्राजीलिया, एजेंसी।** ब्राजील में भारी हंगामा हो रहा है। यहां पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों का भारी उत्पात देखने को मिला है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति भवन में घुस गए हैं। साथ ही संसद और सुप्रीम कोर्ट पर भी कब्जा कर लिया है। हालात को काबू करने के लिए सेना बुलाई गई है। वहीं अमेरिका ने इस घटनाक्रम की निंदा की है।

## जबरन धर्म परिवर्तन सुको में सुनवाई

**नई दिल्ली,ईएमएस।** जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बनाने की मांग वाली याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। यह जनहित याचिका बीजेपी नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे गंभीर मामला बताया था। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था कि वो सभी राज्यों से चर्चा कर हलफनामा दाखिल करे।

# इंदौर पूरी दुनिया में लाजवाब



## पीएम बोले-मैं कहता हूं कि इंदौर एक शहर नहीं, एक दौर है

इंदौर,यशभारत। इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंदौर दुनिया में लाजवाब है। लोग कहते हैं कि इंदौर एक शहर है, लेकिन मैं कहता हूं कि इंदौर एक दौर है, जो समय से आगे चलता है।ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के ग्रैंड हॉल में मोदी जब मंच पर पहुंचे तो हॉल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। उन्होंने कहा, आप सभी को 2023 की मंगलकामनाएं।

4 साल के बाद यह सम्मेलन एक बार अपने मूल स्वरूप और भव्यता के साथ हो रहा है। अपनों से आमने-सामने की मुलाकात, बात का अलग आनंद और महत्व होता है। NRI को कहा एमपी में मां नर्मदा का जल, जंगल, आदिवासी परंपरा यहां बहुत कुछ है जो आपकी यात्रा को अविस्मरणीय बनाएगा। उज्जैन में भी भव्य महाकाल लोक का विस्तार हुआ है। आप सभी वहां जाएं और महाकाल का आशीर्वाद लें। इंदौर की तारीफ करते हुए कहा पीएम ने कहा कि इंदौर अद्भुत है। इंदौर समय से आगे चलता है, फिर भी विरासत को समेटे रहता है। इंदौर पूरी दुनिया में लाजवाब है। इंदौरी नमकीन का स्वाद, साबुदाने की खिचड़ी, कचौरी, समोसे, शिकंजी ...जिसने भी इसे देखा उसके मुंह का पानी नहीं उतरा। जिसने इन्हें चखा, उसने कहीं और मु?कर नहीं देखा। 56 दुकान तो प्रसिद्ध है ही, सराफा भी महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि लोग इंदौर को स्वच्छता के साथ स्वाद की राजधानी भी कहते हैं। यहां के अनुभव आप खुद भी नहीं भूलेंगे और दूसरों को भी अपने देश जाकर बताना नहीं भूलेंगे।दुनिया के इतने अलग-अलग देशों में भारत के लोग एक कॉमन फैक्टर की तरह दिखते हैं, तो वासुदेव कुटुम्बकम की भावना उसके साक्षात दर्शन कराती है। दूसरे देशों में भारत के अलग-अलग क्षेत्रों के लोग मिलते हैं, तो एक-भारत, श्रेष्ठ भारत का अहसास होता है। दुनिया में जब सबसे अनुशासित और शांतिप्रिय लोगों की चर्चा होती है, तो मदर ऑफ डेमोक्रेसी का गौरव बढ़ जाता है। जब हमारा विश्व आकलन करता है, तो सशक्त और समर्थ भारत की आवाज सुनाई देती है। इसीलिए मैं सभी प्रवासी भारतीयों को विदेशी धरती पर भारत का राष्ट्रदूत यानी ब्रैंड एम्बेस्डर कहता हूं।गुयाना के राष्ट्रपति मोदी से बोले, हमारे बीच दूरियां, लेकिन दिल-आत्माएं जु?ी हैंगुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। खासकर वैक्सीनेशन की। उन्होंने मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इसके बिना कोई भी आगे नहीं बढ़ सकता।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सेना के विशेष विमान से इंदौर पहुंचे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और मंत्री उषा ठाकुर ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

### सीएम शिवराज ने मांगी माफी, बोले- हॉल छोटा पड़ गया, दिल में बहुत जगह

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्वागत संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के विजन और मार्गदर्शन से हमें अपने लक्ष्य हासिल करने में सफलता मिलेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, आजादी के अमृत काल में मुझे ऐसा लग रहा है कि मध्यप्रदेश में अमृत वर्षा हो रही है। इंदौर ने अपने दिल के दरवाजे भी खोले हैं और अपने घरों के दरवाजे भी खोले हैं। प्रधानमंत्री के एक-एक मंत्र को मध्यप्रदेश ने साकार करने की कोशिश की है। आज भारत दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश दे रहा है। पश्चिमी देश और रूस से अगर कोई कह सकता है तो वे केवल नरेंद्र मोदी जी हैं, जिन्होंने कहा कि युद्ध नहीं, शांति चाहिए। सीएम ने कहा- भारत में दो नरेन्द्र हुए हैं... 100 साल पहले एक नरेंद्र स्वामी विवेकानंद जी थे जिन्होंने भारत को विश्व गुरु बताया था। आज दूसरे नरेंद्र के नेतृत्व में ये कार्य हो रहा है। विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। माफी चाहता हूं, हॉल छोटा पड़ गया, लेकिन दिल में जगह की कमी नहीं है।

### सुरीनाम के राष्ट्रपति बोले, हमारे देश में हम हिंदी लैंग्वेज ट्रेनिंग पर काम कर रहे

सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने अपनी स्पीच की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रणाम कर की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आपको हृदय से मेरा नमस्कार और प्रणाम। हम अपने देश में हिंदी लैंग्वेज, यहां के कल्चर, आयुर्वेद पर ट्रेनिंग सेंटर बनाने पर काम कर रहे हैं। हिंदी लैंग्वेज के स्कूलों पर भी हमारा फोकस है। ये एक मेमोरेबल पल है। जननी और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती है।



## अरुणोदय पंचांग का अवलोकन कर दंडी स्वामी कालिकानंद अभिभूत

**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा तट ग्वारीघाट के भटौली स्थित आश्रम में दंडी स्वामी पूज्य कालिकानंद सरस्वती महाराज ने घर का पंडित अरूणोदय पंचाग का अवलोकन करते हुये पंचाग की सफलता की कामना की। साथ ही साथ पंचाग में दी गयी गणना और आवश्यक जानकारियों की भी सराहना करते हुए इसे जनउपयोगी बताया । दंढी स्वामी पूज्य कालिकानंद सरस्वती महाराज ने हाल ही में अन्न का त्याग किया।अंकीय पंचाग में हिन्दू धर्म से जुड़ी सभी जानकारियां, ज्योतिष और अन्य क्षेत्रों की संपूर्ण जानकारी है जिसे देख कर महाराज जी अभिभूत हुये। इस अवसर पर यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ,अरूणोदय पंचाग के रचयिता पं. लोकेश व्यास व कांग्रेस नेता रवीन्द्र गौतम मौजूद थे।

## देश में मप्र सबसे कूल -कूल कोल्ड-वेव का कहर

**भोपाल, यशभारत।** देश में वैसे तो जाड़े का कहर जारी है पर मध्यप्रदेश कड़ाके की ठंड सबसे ज्यादा है। पहली बार समूचे प्रदेश में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। मैदानी इलाकों की बात करें, तो मध्यप्रदेश का नौगांव देश का सबसे ठंडा रहा। यहां रात का पारा 0 से नीचे माइनस 1 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। राजस्थान का चुरू -0.5 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरा सबसे ठंडा रहा। प्रदेश में आज यानि सोमवार को भी ठंड का जोर है। शीतलहर के साथ ही नॉर्थ मध्यप्रदेश में कोहरा भी रहा। 10 शहरों में रात का पारा 4 डिग्री सेल्सियस से कम रिकॉर्ड किया गया। इंदौर-खंडवा को छोड़ दें, तो प्रदेश भर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं च? सका। रविवार को दिन में हल्की राहत रही। प्रदेश भर में अधिकतम तापमान जनवरी में पहली बार 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया।मध्यप्रदेश में अगले 4 दिनों के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। सोमवार यानी 9 जनवरी को प्रदेश के ग्वालियर-चंबल के इलाकों में कहीं-कहीं घना कोहरा रह सकता है। प्रदेश में शीतलहर से राहत मिलते नहीं दिख रही। सोमवार को भी अधिकांश इलाकों में शीतलहर चलेगी।

## मप्र में सवा दो महीने बाद कोरोना से एक की मौत

**भोपाल यशाभारत।** मध्यप्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान का कोरोना का एक नया मामला सामने आया है। वहीं, राज्य में करीब सवा दो महीने बाद कोरोना से एक मरीज की मौत भी हुई है। इसके बाद यहां संक्रमितों की कुल संख्या 10 लाख 54 हजार 931 और मृतकों की कुल संख्या 10,777 हो गई है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार देर शाम जारी कोविड-19 बुलेटिन में दी गई। बुलेटिन के अनुसार, आज प्रदेशभर में 1463 सेम्पलों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। इनमें जबलपुर जिले के एक व्यक्ति की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई। वहीं, इंदौर में आज कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है।प्रदेश में अब तक कुल तीन करोड़ 02 लाख 60 हजार 935 लोगों के सेम्पलों की जांच की गई।

## भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल पूर्व सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर, राहुल गांधी हुए गदगद

**कुरुक्षेत्र (हरियाणा), एजेंसी।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर और रक्षा सेवा से सेवानिवृत्त कई शीर्ष अधिकारी रविवार को राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। यात्रा वर्तमान में हरियाणा से होकर गुजर रही है।भीषण ठंड और कोहरे के बीच भारत जोड़ो यात्रा रविवार सुबह करनाल के नीलोखेड़ी क्षेत्र में दोद्वा से फिर से शुरू हुई और बाद में यात्रा ने दिन में कुरुक्षेत्र जिले में प्रवेश किया। रविवार शाम को राहुल गांधी ने यहां पवित्र ब्रह्म सरोवर के तट पर पूजा-अर्चना की. इस दौरान राहुल गांधी सफेद टी-शर्ट के ऊपर लाल शॉल ओढ़े नजर आये. बाद में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने शाम की आरती में भी हिस्सा लिया. इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, उदयभान, कुमारी सैलजा और के.सी. वेणुगोपाल भी राहुल गांधी के साथ रहे. सुबह कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद सैकड़ों लोग करनाल में यात्रा में शामिल हुए. करनाल मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का निर्वाचन क्षेत्र भी है. कांग्रेस की यात्रा का पारंपरिक हरियाणवी नृत्य के माध्यम से स्वागत किया गया और शंख भी बजाए गए. वहीं, कांग्रेस ने ट्वीट किया, पूर्व सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल आर. के. हुड्डा, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. नरूला, सेवानिवृत्त एयर मार्शल पी. एस. भंगु, सेवानिवृत्त मेजर जनरल सतबीर सिंह चौधरी, सेवानिवृत्त मेजर जनरल धर्मेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त कर्नल जितेंद्र गिल, सेवानिवृत्त कर्नल पुष्पेंद्र सिंह, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डी.डी.एस. संधू, सेवानिवृत्त मेजर जनरल बिशंबर दयाल और सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और 30 जनवरी तक श्रीनगर में राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के साथ संपन्न होगी. यह पदयात्रा अभी तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से गुजर चुकी है। ।



### एकता की बुनियाद मज़बूत तो देश होगा सशक्त

भारतीय सेना देश का गौरव है जो हर विपरीत परिस्थिति का सामना करते हुए देश की रक्षा के लिए तत्पर रहती है। जब भारत की सरहदों की सुरक्षा की बात आती है, तो उनकी राय सबसे ज्यादा मायने रखती है। इस क्षेत्र में उनका अनुभव और प्रशिक्षण उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाता है, और सालों की राष्ट्र सेवा का परिचय देता है। आज के हालात देख कर उन्हें सिर्फ सरहदों की ही नहीं, देश की आंतरिक परिस्थितियों की भी चिंता हो रही है। भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ कर वो यह संदेश देना चाहते हैं कि अगर हमारी एकता की बुनियाद मज़बूत होगी तो देश सशक्त होगा। कुरुक्षेत्र में ब्रम्ह सरोवर की आरती का सौभाग्य मिला। भारत की प्रगति की कामना दिल में लेकर, कल्पना से परे इस मनोरम स्थल को मेरा नमन!

## पूर्व चीफ आर्मी स्टाफ पर निंदनीय टीप दुर्भाग्य पूर्ण

### जनरल दीपक कपूर का देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान:सांसद श्री तन्खा

**जबलपुर यशभारत।** गत दिनों राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में पूर्व आर्मी चीफ स्टाफ जनरल दीपक कपूर के शामिल होने पर ट्विटर पर अमित मालवीय द्वारा की गई टिप्पणी पर राज्यसभा सांसद विवेक के तन्खा ने दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए टीप वापिस लेने की मांग की है। श्री तन्खा ने कहा कि पूर्व चीफ आफ आर्मी स्टाफ जनरल दीपक कपूर के श्वसुर स्व.ब्रिगेडियर टाम पांडे भोपाल के रहने वाले हैं।उन्हें मैनावती के युद्ध में मरणोपरांत वीर चक्र प्रदान किया गया है।सन2008में दिल्ली स्थित हेवीटेट सेंटर पर एम पी फाउंडेशन के कार्यक्रम में जनरल कपूर मेरे आग्रह पर आये थे।उस मुख्यमंत्री ने स्व.ब्रिगेडियर पांडे की स्मृति में भोपाल में युद्ध स्मारक बनाने की घोषणा भी की थी।इस संबंध में पूर्व केप्टन पांडे ने भी सांसद श्री तन्खा के बयान का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्होंने जनरल कपूर के अधीनस्थ सेवा की है।वे महान सैनिक और धर्म निरपेक्ष हैं।उन्होंने स्व.ब्रिगेडियर पांडे के योगदान का भी स्मरण किया. श्री तन्खा ने कहा कि जनरल कपूर सच्चे देशभक्त हैं।उन्होंने सेना के विभिन्न पदों पर रह कर देश की सेवा की है।उनके ऊपर इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी एक सैनिक परिवार का अपमान है।लिहाजा इस प्रकार की टिप्पणी को वापिस लिया जाना चाहिए।



## इंडिगो की फ्लाइट में एयर होस्टेस और कैप्टन से मारपीट

**पटना, ईएमएस।** इंडिगो की दिल्ली से पटना आने वाली फ्लाइट में शराब के नशे में 3 युवकों ने एयर होस्टेस और कैप्टन के साथ मारपीट की है। बताया जा रहा है कि इंडिगो की फ्लाइट 6श्व-6383 ने दिल्ली से पटना के लिए उड़ान भरी। दिल्ली से ही फ्लाइट के अंदर 3 युवक शराब पीकर चढ़े थे। फ्लाइट के अंदर ये युवक पैसेंजर्स के साथ बदसलूकी करने लगे। एयर होस्टेस और कैप्टन ने इन्हें समझाने की कोशिश की तो मारपीट शुरू कर दी। पायलट ने पटना के एयरपोर्ट थाने में इसकी लिखित शिकायत की है। फ्लाइट रविवार रात 8.55 पर फ्लाइट पटना एयरपोर्ट पहुंची।फ्लाइट में बैठते ही तीनों युवक हंगामा करने लगे। जब फ्लाइट के अंदर मौजूद एयर होस्टेस ने समझाने की कोशिश तो शराबी उसी से उलझ गए। उसके साथ बदसलूकी और छेड़खानी भी की।



## झाबुआ में अमानवीयता, महिला पर चोरी का आरोप लगाकर हाथ बांधकर दुकान पर बिठाया

**झाबुआ,ईएमएस।** शहर में महिला के साथ अमानवीय रवैया अपनाने का मामला सामने आया है। रविवार की शाम शहर के थांदला गेट के समीप एक कपड़ा व्यवसाय ने एक महिला को हाथ बांधकर बिठा लिया। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर महिला का हाथ छुड़वाकर महिला व व्यापारी को थाने ले गई।व्यापारी का कहना है कि शनिवार को उक्त महिला द्वारा उसकी दुकान से एक कपड़े का थान चुरा लिया गया। जब शाम को थान नहीं मिला और सीसीटीवी कैमरे में देखा तो महिला थान उठाकर जा रही थी। रविवार को पुनः महिला चोरी करने आई थी। उससे जब चोरी किया गया थान मांगा तो वह हाथपाई करने लगी। इसलिए उसके हाथ बांधकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। दूसरी तरफ जैसे ही इंटरनेट मीडिया पर महिला के हाथ बंधे फोटो वायरल हुए तो मामला चर्चाओं में आ गया। इस दौरान घटना स्थल पर लोगों की भीड़ भी जमा हो गई थी।



## कोहरे के कारण आपस में टकरा रही गाड़ियां

## यूपी, पंजाब, बिहार में भीषण हादसे, 12 की मौत

**नई दिल्ली, ईएमएस।** उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण कई स्थानों पर भीषण सड़क हादसे हो रहे हैं और इन दुर्घटनाओं में अभी तक 12 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मिली जानकारी के मुताबिक कन्नौज जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 17 लोग गंभीर घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगरा-लखनऊ में सड़क हादसा घने कोहरे का कारण हुआ है। खराब मौसम और कोहरे की वजह से हादसे का यह कोई पहला मामला नहीं है। घने कोहरे के कारण रविवार को भी फर्रुखाबाद जिले में ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई थी।घने कोहरे के कारण बिहार के गया जिले में भी सड़क हादसे कारण 3 लोगों की मौत हो गई है। यहां टिकारी मार्ग पर सोमवार की सुबह हाईवा और मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर हो गई, जिसमें 3 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चंदौती थाना की पुलिस ने बताया कि 1 मोटरसाइकिल पर 3 लोग सवार थे। घने कोहरे के कारण हाईवा दिखाई नहीं दी और आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हाईवा को जब्त कर लिया है और उसका चालक फरार है। पंजाब के बाटला में भी बीती शाम रविवार को कोहरे के कारण सड़क हादसे में 3 वर्षीय बच्ची समेत 5 लोगों की मौत हो गई। वाहनों की आमने-सामने की भिड़ंत में मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार के हैं। पुलिस के मुताबिक कार में 6 लोग सवार थे और वे बटाला से चहलकलां जा रहे थे, जो जालंधर रोड पर बटाला से लगभग 7 किलोमीटर दूर है। सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी उनकी कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई।



पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना
अरुणोदय पंचांग
घर-घर का पंडित बना
अरुणोदय पंचांग












# रामायण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए किए जाएँ प्रयास

## तृतीय वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस में इंडो-थाई रामयण फोरम पर हुई चर्चा, विद्वानों ने रखे विचार

**जबलपुर, यशभारत।** रामायण में निहत संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि लोग श्रीराम का अनुसरण कर आचरण में उन्हें उतार सकें। इससे हम मानव जाति का कल्याण कर सकते हैं। उक्त विचार विद्वानों ने मानस भवान में आयोजित तृतीय वर्ल्ड कान्फ्रेंस के के दौरान इंडो-थाई रामायण फोरम पर आयोजित बैठक में रखी।इस मोके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भी विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित चिरापत प्रपन्न विद्या ने कहा कि न केवल भारत में बल्कि विश्व के अनेकों देश में श्रीराम से संबंधित मंदिर व उनसे जुड़े ग्रंथ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म के अनुयायीयों के बीच थाईलैंड में रामायण आम है। सब उन्हें राजा राम के नाम से जानते हैं। विश्व शांति के लिए उनके आदर्शों का अनुसरण आवश्यक है।थाई रामायण रामाकियन का रामकीर्ति शीर्षक से हिन्दी में अनुवाद करने वाली लेखिका डॉ. करुणा शर्मा ने रामकीर्ति में उल्लिखित प्रसंगों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। थाईलैंड में भारतीय संस्कृति, थाई- भारत सांस्कृतिक सहयोग और हिन्दी का विस्तार करने में निरंतर संलग्न श्री सुशील धानुका जी ने सुझाव दिया कि समय- समय पर विश्व रामायण सम्मेलन को विभिन्न देशों में आयोजित करना चाहिये। उन्होंने सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने के लिये दोनों देशों के युवाओं को रामायण सम्बंधित स्थानों की अध्ययन यात्रायें आयोजित कराने का सुझाव दिया। थाईलैंड संस्कृत अध्ययन केंद्र के निदेशक आचान सोम्बात ने इंडो-थाई रामायण फोरम को और व्यापक करने के विषय में अपने सुझाव दिये। थामासात विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डेवेलपमेंट स्टडिज की डीन आचान नितिनात ने कहा कि रामायण में निहित संदेश को युवाओं और परिवारों में और समाज के सभी वर्गों में पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है। थामासाट विश्वद्यालय के फाईन आर्ट्स विभाग की प्राध्यापिका और विख्यात नृत्यांगना विदुषी आचान नरिनात ने सांस्कृतिक और वैचारिक कार्यक्रमों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

### श्रीराम ने नहीं किया था सीता का त्याग

दोपहर को आयोजित सेशन में पूर्व आईएएस मनोज श्रीवास्तव भोपाल, डॉ पुष्पा पांडे जबलपुर एवं श्रीमती पांडे के द्वारा सुंदरकांड के द्वारा जीवन की कला पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत इंजीनियर जीके अग्निहोत्री ने सीता जी का हरण स्थल - पंचवटी कहां थी पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वाल्मीकि रामायण में पांच कांड अयोध्या से लेकर लंका कांड ही थे।



# 3 .6 डिग्री पर आया पारा- आठ जनवरी 2013 को भी 3.4 डिग्री

**जबलपुर ,यशभारत।** जबलपुर और आसपास के जिलों में ठंड का कहर जारी है। सर्द रात रिकॉर्ड बना रही है। न्यूनतम पारा ठंड एक बार फिर अपना ही रिकार्ड तोड़ने आमादा है। जाड़ा 10 साल पहले की तरह जोर मार रहा है। खमरिया में सोमवार की सुबह लेववोरेट्री में पारा एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत रात का तापमान सामान्य से 7 डिसे कम 3.6 डिग्री दर्ज किया आज सुबह जबलपुर में सुबह को तापमान सामान्य से 6 डिसे कम 4.8 रहा। वहीं यहां सर्द हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थीं. हालांकि, अब कोहरे से राहत मिली है और जबलपुर में धूप निकलने के बाद भी जाड़ा कंपकंपा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर में इस बार अपेक्षा के अनुसार कड़ाके की सर्दी का एहसास नहीं हुआ, लेकिन नए साल की शुरुआत से ठंड ने जोरदार वापसी की है. वहीं सर्दी ने जनवरी महीने के पहले ही दिन से जो असर दिखाना शुरू किया है वो लगातार बढ़ता जा रहा है. . स्थानीय मौसम वेधशाला के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम कुछ इसी तरह रहने वाला है, जिसमें न्यूनतम और अधिकतम दोनों ही तापमान सामान्य से कर्म दर्ज होंगे।




## कन्याकुमारी से कश्मीर तक कांग्रेसमय वातावरण : सी. पी. मित्तल

# शोषित, पीड़ित नौजवानों बेरोजगारों ने राहुल गांधी की आंखों में नया भारत देखा : अन्नू सिंह

**जबलपुर ,यशभारत।** शहर( जिला)कांग्रेस कमेटी जबलपुर के तत्वावधान में समन्वय समिति, ब्लॉक अध्यक्ष, विंग, प्रकोष्ठ, विभाग अध्यक्षज्ञ कांग्रेस पार्षद, पार्षद प्रत्याशियों की 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ च्हाथ से हाथ जोड़ो अभियानज्ञ की महत्वपूर्ण बैठक रसल चौक स्थित सभागार में आज शाम 5.00 बजे बुलाई गई। इस महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व मध्यप्रदेश के सह-प्रभारी श्री सी. पी. मित्तल जी ने कहा कि च्हाथ से हाथ जोड़ो अभियानज्ञ ब्लॉक स्तर से संचालित किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस जन घर-घर जाकर केंद्र सरकार की विफलता और प्रदेश सरकार की नाकामी को बताएंगे। पूरे भारत वर्ष यानी कन्याकुमारी से काश्मीर तक कांग्रेसमय वातावरण बन चुका है।पूर्व कैविनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। कांग्रेस का इतिहास स्वर्णिम है, तो भविष्य भी निश्चित ही उज्जवल होगा। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सेवा की भावना से कार्य किया है, जिसका अंतर आम जनमानस समझ चुका है। नफरत बंटवारे की राजनीति करने वालों के दिन लद गए हैं।शहर( जिला)कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ ने कहा कि सकारात्मक कार्यों की उम्र ज्यादा होती है, नकारात्मक कार्यों की सोच का शीघ्र ही अंत हो जाता है। कांग्रेस पार्टी की सकारात्मक सोच ने उसे 128 वर्ष पुरानी पार्टी बनाया। शोषित, पीड़ित नौजवानों बेरोजगारों ने राहुल गांधी जी की आंखों में नया भारत देखा।कांग्रेस बैठक में प्रदेश सह-प्रभारी सी.पी. मित्तल, जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ, लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, प्रभारी सुनील जैन, सह-प्रभारी विभाष जैन, राधे श्याम चौबे, चंद्र कुमार भनोत, कौशल्या गोटिया, कल्याणी पांडे, नन्हे लाल धुर्वे, अच्छेलाल सोनकर, नित्य निरंजन खम्परिया, खिलाड़ी सिंह आर्मो, दिनेश यादव, सम्मती सैनी, बलवंत सिंह गुर्जर, शिव कुमार चौबे, मोहम्मद आजाद, रविंद्र कुशवाहा, कपिल श्रीवास्तव, शुशीम धर, मनीष पटेल, मुकेश सोनी, सतीश तिवारी, कमलेश यादव, जतिन राज, पंकज पटेल, रवि सैलानी, शोभा उपाध्याय, विक्रम सिंह, यतेंद्र सोनी, मीनाक्षी स्वामी, अंश गुजराल, अमरीश मिश्रा, वकील अहमद अंसारी, सतेंद्र चौबे, गुलाम हुसैन, गुड्डू नवी, अतुल बाजपेई, संतोष पंडा, संजय साहू, अख्तर अंसारी, प्रमोद पटेल, लक्ष्मी गोटिया, विनोद लोधी, रामकुमार गार्गी यादव, राजेश सोनकर, मनोज गोटिया आदि मौजूद रहे।

# क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एल्युमीनाए का वार्षिक पुर्नमिलन समारोह

**जबलपुर, यशभारत।** क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एल्युमीनाए एसोसियेशन का वार्षिक पुर्नमिलन समारोह विजन महल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 800 से अधिक लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कड़ाके की ठंड होते हुए भी बड़ी संख्या में सीनियर मेम्बरों ने कार्यक्रमों का लुप्त उठाया। देश एवं विदेश से कई पूर्व छात्रों ने अपनी सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में दोनों क्राइस्ट चर्च बॉयस एवं गर्ल्स स्कूल के बेस्ट स्टूडेंट को अजय चौधरी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दोनों स्कूल की प्राचार्या एवं मध्यप्रदेश शासन के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह जी उपस्थित थे। कार्यक्रम के कनवीनर अजीत समदड़िया थे। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष सरदार रमिंदर सिंह चौपड़ा एवं सचिव अमित वेगड़ ने प्रदान की । संस्था अपने 23वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। विगत 23 वर्षो में संस्था ने अनेक स्वस्थ्य शिविरों एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई आयोजन सम्पन्न किये है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष एक महा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 200 मोतियाबिंद के ऑपरेशन चिन्हित किये गये है जिसे एसोसियेशन अपनी मित्र संस्थाओं के मध्यम से नि:शुल्क सम्पादित किये गये। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी एसोसियेशन ने क्रिकेट एवं बैडमिंटल टूर्नामेन्ट का आयोजन सफलतापूर्वक किया था। संस्था में 1960 के दशक से लेकर 2020 के दशक के पूर्व छात्र सदस्य है। कार्यक्रम की शोभा बालीबुड प्लेबैक सिंगर तुसार जोशी ने अपने रंगा रंग कार्यक्रम से बढ़ाई। कार्यक्रम में चन्द्रेश वीरा, राकेश मदान, असगर तैय्यब अली, रंजय मदान, रूपेश बागमार, संजय सेठ, डॉ. सुनील बहल, जितेन्दर सैनी, डॉ. उमेश गुलाटी, डॉ. वीकेश अग्रवाल, एड. अंशुमन सिंह, विक्रांत कौशल, समर गायकवाड़, पुनीत गुलाटी, डॉ. अभिजीत मुखर्जी, संदीप विजन, विनय गाबा, अमित अग्रवाल, एड. आदित्य संघी, बंटू कपूर, मनीष भल्ला, दीपक वर्मा, अबू फौजदार एवं गर्ल्स विंग में रिजवाना नबी, शालू खुराना, मीता शाह, शहजादी मुक्कर, अतिमा भसीन, कृति डॉ. नेहा कोचर, डॉ. राशि जैन, कीर्ति वर्मा, अनुमेहा पांडे, रूही इंगाले, आदि उपस्थित रहे।





# अखाड़े के पहलवानों का हुआ सम्मान

**जबलपुर, यशभारत।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में चल रहे कल्पवास में आज पंचकोशी एवं शाही स्नान में शामिल हुए तेवर पाडुआ अखाड़ा के पहलवान रामदास लोधी कुदवारी अमखेरा के पहलवान द्वारका कोल अशोक पटेल पूरी टीम मैं 5 साल से बच्ची से लेकर 87 वर्ष के पहलवान ने अपना प्रदर्शन किया सम्मान पत्र लिखे अभिनंदन किया। संकीर्तन पंडित मनमोहन दुबे के सानिध्य में किया गया इस अवसर पर स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज ने कहा आज जो छोटी बच्ची एवं बच्चे अखाड़ा का प्रदर्शन कर रहे है यह अद्भुत है यही भविष्य की नींव है भागवत कथा के साथ नर्मदा जी की। महाआरती का कार्यक्रम हुआ संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट दुर्गा पटेल अवधेश खरे देवव्रत सोनी समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

# संत निरंकारी भेड़ाघाट भवन भूमि में नव वर्ष का विशालतम् समागम

**जबलपुर,यशभारत।** संत निरंकारी भेड़ाघाट भवन भूमि ग्राम भड़पुरा में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से नव वर्ष संत समागम बहिन राज वासदेव (दिल्ली)ज्ञ उपप्रधान एवं मेम्बर इंचार्ज प्रशासन के सानिध्य में आयोजित किया गया। उन्होंने हजारों- हजारों भक्त जनों को संबोधित करते हुये कहा कि जबलपुर में इतने विशाल संत समागम का आयोजन किया गया है जिसे देख कर स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि भक्त जनों ने अनेकों दिनों से तन-मन-धन कि सेवा कर इस आयोजन में अपना योग दान दिया है उनका मात्र उदेश्य यही है कि हे मानव तू अपनी पहचान कर ले , तूँ कौन ? कहने को तो कहते हैं कि ये मेरा शरीर, ये मेरा बेटा, ये मेर घर है पर च्मैंज्ञ कौन हूँ? इस प्रश्न का जबाव मात्र पूर्ण गुरु के पास ही रहता है जो ज्ञान नेत्र देकर परमात्मा कि पहचान कराता है जब तक स्वयं कि पहचान नहीं हो सकती मानवीय गुणो का आविर्भाव नहीं हो सकता 75 वें निरंकारी वार्षिक संत समागम में स्लोगन था च्च रूहानियत और इंसानियत संग-संगज्ञ इंसानियत से ही मानवीय गुण करुणा, दया, विशालता, सहनशीलता आ सकती है । समागम में जबलपुर के अतिरिक्त कटनी, दमोह, सतना, छतरपुर आदि ब्रांचो से हजारों कि संख्या में साध संगत का आगमन हुआ जबलपुर जोन की जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवा?ा, सिवनी, नैनपुर नरसिंहपुर, गाडरवारा, कटंगी, वारासिवनी, धनपुरी आदि शहरों व ग्रामों से भी काफी भक्त जन आए विभिन्न शहरों से लगभग 5000 की संख्या में सेवादार व भक्तजनों ने हिस्सा लिया। समापन पर जबलपुर जोन के जोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल ने नव वर्ष समागम की सर्व साध संगत, सेवादार को बधाईयाँ दीं।



14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियां, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

# एडवोकेट प्रीमियर लीग में टीम वाइट जीती



**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के tatvadhan में एडवोकेट प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में टीम वाइट ने टीम यलों को हराया पहले bating karte हुए टीम वाइट ने 144 रन बनाये जिसमें गौरव चंदेल ने 47 रन एवं अंसुल मिश्रा ने 28 रन बनाये। jabab में टीम येलो 20 ओवर में 125 रन बनाये टीम येलो से अनिमेश ने 40 रन बनाये टीम वाइट ने 24 रन से जीत हासिल की टीम वाइट की तरफ से जे पि ने 2 विकेट प्राप्त किये टीम वाइटU main of the मैच का puraskar गोरव चंदेल को दिया गया । मैच में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति श्री सुजय पाल, महापौर जगत बहादुर अन्नू जिला अधिवक्ता संघ के प्रेसिडेंट एवम वाइस चेयरमैन स्टेट बार काउंसिल मध्य प्रदेश, आर के shing सैनी, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश तिवारी, हाई कोर्ट बार के सचिव श्री परितोष त्रिवेदी akhilesh चौबे ज्योति rai गुड्डा अवस्थी अजय दुबे विकाश नाथन अमित आचार्य बाबा परसाई राजू वर्मान दामोदर पाटकर उपस्थित रहे।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लड़या →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़→चने
AK's Pure & Tasty Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201



# बगलामुखी माता मंदिर मे ब्रम्हचारी चेतन्यानंद महाराज जी ने किया कलेंडर का विमोचन

**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के 2023 के नये वर्ष के कलेंडर का विमोचन बगलामुखी माता मंदिर सिविक सेंटर में महंत श्री ब्रम्हचारी चेतन्यानंद जी महाराज द्वारा किया किया गया। कलेंडर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष माता बगलामुखी जी की प्रतिमा दी गई है,मध्य प्रदेश शासन के राजपत्र के अनुसार प्रदेश शासन के सार्वजनिक अवकाश, एच्छिक अवकाश एवं कलेक्टर जबलपुर के द्वारा घोषित 3 स्थानीय अवकाश दिये गये है।ज्करोना से बचाव जरूरी हैज्ञ डरना नहीं ! सतर्कता ही इलाज है यह मानकर बचाव करने उपदेश दिया गया है, मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय,संजय यादव, योंगेश चौधरी,धीरेन्द्र सिंह,देवदोनेरिया, संतोष मिश्रा, कपिल दुबे ,संजय गुजराल, मुकेश मरकाम, विश्वदीप पटेरिया, मुकेश चतुर्वेदी, , रविकांत दहायात, नन्दुझारिया, ओम प्रकाश पाण्डे, , मनीष बाजपेयी उपस्थित थे।

साँई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साँई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जुरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )



## संजीवनी नगर में लकी ड्रॉ के नाम पर धोखाधड़ी पीड़िता पहुंची थाने, एफआईआर

# फ्री में डिजायर कार पाने ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए 11 हजार

**जबलपुर, यशभारत। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत ऑनलाइन फ्रॉड कर रुपये ठगने का एक हैरतंगेज मामला सामने आया है। जहां 17 वर्षीय पीड़िता को फोन कर ठग द्वारा लकी ड्रॉ में डिजायर कार निकलने का प्रलोभन देकर अकाउंट में 11 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए और बाद में करीब 13 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन करने दबाव बना रहे है। जिसके बाद पीड़िता अपने परिजनों को लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।**

पीड़िता ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मेरे मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी फोन आया जिसमें व्यक्ति ने व्हाटसअप नंबर पर अपना आधार कार्ड व मीसो कंपनी आई कार्ड भेजा और मुझे फोन करके बताया कि में मार्केटिंग कंपनी में कार्यरत हूँ। कंपनी के द्वारा एक लकी ड्रा निकाला गया है जिसमें आपको डिजायर कार इनाम में निकली है जिसके बाद खाते में रकम ट्रांसफर कर दें। जिसमें पहले 3500 रुपए व 7575/- रूपये की राशि ट्रांसफर की उसके बाद मुझे 5 मोबाइल नम्बरों से लगतार फोन आ रहे है और हम पर दबाव बनाया जा रहा है कि 12800 रू. की राशि उन्हें उक्त खाते नम्बर पर ट्रांसफर की जावे जिसके बाद वह पीड़िता के खाते में 8,17,500 की राशि नगद ट्रांसफर कर देगा। आरोपी लगातार पैसे ट्रांसफर की मांग कर रहे है।

### प्लाटों के एग्रीमेंट के नाम पर 20 लाख की धोखाधड़ी

जबलपुर, यशभारत। थाना संजीवनी नगर अंतर्गत धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां दो आरोपियों ने मिलकर पहले तो पाटन स्थित प्लाटों का अनुबंध कर 20 लाख रुपये पीड़ित से ठग लिए और फिर बाद में प्लाट किसी और को बेंच दिए। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को अंकित अग्रवाल 28 साल निवासी बंधैया मोहल्ला ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि संजय कुमार मोर एवं शरद कुमार मोर की संपत्ति मौजा बिनेका नंबर बंदोबस्त 296 प.ह.न. 17 नया 40 राजस्व निरीक्षक मंडल पाटन जिला जबलपुर में स्थित पटवारी व डायवर्सन खसरा नं. 1801 कुल रकवा 1.380 हेक्टे. भूमि पर बनाई गई पिकाक सिटी का ले- आउट प्लाट न. 6, प्लाट न. 7, प्लाट क्र. 14, प्लाट क्र. 15 इस प्रकार सभी प्लाटो का कुल अनुबंधित रकवा 4800 के खाली प्लाट का रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध 2 अक्टूबर 2020 को किया था। सभी प्लाटों का सौदा संजय कुमार मोर एंव शरद कुमार मोर से 21 लाख रूपये में हुआ था। जिसमे से बीस लाख रूपये पीड़ित दे चुका है। बाकी की रकम एक लाख रूपये विक्रय अनुबंध के अनुसार 11 माह के अंदर रजिस्ट्री बैनामा कराने के समय अदा किये जाने का अनुबंद हुआ था। लेकिन दोनों आरोपियों ने प्लाटों की रजिस्ट्री नही कराई है। संजय कुमार मोर और शदर कुमार मोर ने षडयंत्र रचकर, धोखाधडी कर प्लाट न. 7 को शिवा सेठ को बेंच दिया है और तो और अन्य प्लाट भी बेंच दिए गए हैं।






# डीआरडीओ एग्जाम देने जबलपुर आए युवक की सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया थाना अंतर्गत ओएफके ग्राउंड के पास छत्तीसगढ़ से डीआरडीओ एग्जाम देने आए अभ्यर्थी को वापस लौटते समय अज्ञात वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक वाहन समेत हवा में उछलकर पांच फिट दूर जा गिरा। जिसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। राहगीरों ने जब युवक को खून से लथपथ पड़े देखा तो आवक रह गए। जिसकी खबर तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। वहीं यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि आकाश मिंज 22 साल छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले का निवासी है। जो जबलपुर ओएफके में कार्यरत अपने भाई के पास आया था और डीआरडीओ के एग्जाम की तैयारी कर रहा था। आज युवक का एग्जाम था, जिसका सेंटर पता करने युवक ओएफके आया था। जहां से बाइक में वापस लौट रहा था।

### बेटे का शव देखकर बेहोश हुए परिजन

वहीं, सड़क दुर्घटना में दम तोड़ चुके युवक का शव जब परिजनों ने देखा तो चीख पड़े और बेहोश हो गए। उन्हें अभी तक विश्वास ही नहीं हो रहा है कि उनका लाडला अब इस दुनिया में नहीं है। पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज में आरोपी वाहन चालक को खोज रही है।

# हंसी मजाक पर दोस्त को मार दिया चाकू



### दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल थाना अंतर्गत देर रात हंसी मजाक कर रहे तीन दोस्तों ने गुस्से में आकर अपने ही दोस्त को चाकुओं से गोदकर फरार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। तो वहीं मुस्तैद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को घेराबंदी कर दबोच लिया। जिनसे पूछताछ जारी है। वहीं एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि विकास चौरसिया 23 साल आटीआईआई का निवासी है जो वहीं अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ बैठकर हंसी मजाक कर रहे थे। तभी किसी बात को लेकर आपस में जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद तीन दोस्त ने मिलकर विकास के साथ जमकर मारपीट कर दी। जब युवक ने विरोध किया तो तीनों ने एकराय होकर युवक पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी रीना पांडेय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को दबोच लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

### सीनियर आईएएस की जाँच रिपोर्ट को रिकार्ड पर लिए जाने के आदेश सहित होगी सुनवाई

# आजीविका मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में दायर जनहित याचिका की सुनवाई अगले सप्ताह!

**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश के जीविका मिशन मे व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्वन्ध मे जनहित याचिका दायर करके मिशन डायरेक्टर पूर्व आईएफएस वेलबाल द्वारा किए गए सुनयोजित रूप से कई बड़े घोटालो का पर्दाफाश किया गया है। वेलबाल द्वारा ढ्ढत्रष्ठ के नियम विरुद्ध प्रदेश के 29 जिलों से सूक्ष्म बीमा योजना के नाम पर सेल्फ हेल्प ग्रुपो से 2017 मे 1 करोड़ 78 लाख रुपए बसूल किए गए उक्त राशि किसी भी वीमा कम्पनी मे जमा नहीं की गई न ही किसी बैंक खाते मे न ही किसी महिला को उक्त बसूल की गई वीमा राशि का क्लेम दिया गया। आजीविका मिशन की स्टेट प्रोजेक्ट ऑफिसर श्रीमती सुषमा रानी शुक्ला की फर्जी तथा जाली दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति की गई तथा दो सैकड़ा से अधिक नियुक्तियों को करने का ठेका एक संस्था को दीं जाकर 23 लाख से अधिक राशि का भुगतान कम्पनी को किया गया तथा उक्त भर्ती एजेंसी द्वारा जारी सिलेक्ट लिस्ट मे से जिन्होंने वेलबाल को मोटी रकम दीं गई केवल उन्हें के ही नियुक्ति पत्र जारी किए गए। मध्य प्रदेश के 26 जिलों मे स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के समस्त स्वसहायता समूहों के माध्यम से सिलाई करवाकर वितरित की जानी थी लेकिन वेलबाल द्वारा प्रायवेट दूकान दारो को ठेका देकर घटिया किस्म की ड्रेसे वितरित की गई तथा कई करोड़ रुपए का सम्वन्धतो को समूहों पर दवाव बनाकर भुगतान करया गया इस सम्वन्ध मे विदिशा सहित अन्य जिला कलेक्टर ने उक्त सम्वन्ध मे हुए करोड़ो रुपयों के गवन करने का दोषी सम्वधित जिला परियोजना प्रवन्धको के विरुद्ध स्नढ्ढक्रदर्ज करने के आदेश जारी किए गए एवं सम्वन्धतो की सेवा समाप्ति हेतु शासन को पत्र लिखा गया परन्तु ललित मोहन वेलबाल ने सम्वन्धतो को क्लींन चिट दें दीं ! इसी प्रकार हजारो अगरवत्ती मशीनो की निर्धारित कीमत 40 हजार की मशीन को तीन गुना से अधिक कीमत पर खरीद करके समूहों से सम्वधित डीलरों को भुगतान कराया ! प्रदेश के कई जिला के समूहों तथा मिशन के स्टाफ ने बेलबाल के भ्रष्टाचार की लिखित मे शिकायते की गई ! उक्त सभी शिकाएतो की जाँच वेळबाल ने स्वंम करके सम्वन्धतो की सेवा समाप्त कर दीं गई ! मिशन मे व्याप्त भ्रष्टाचार की एक शिकायत जो याचिका कर्ता ने की थी उस पर सीनियर आईएएस नेहा मराव्या की अध्यक्षता मे गठित हाई लेविल कमेटी ने 57 पेज की जाँच रिपोर्ट सहित 6 हजार से अधिक साक्ष्य दस्तावेजों सहित मध्य प्रदेश शासन को प्रेषित प्रेषित करके, तत्कालीन आयुक्त नगरीय प्रशासक मिशन श्रीमती प्रियंका दास, आजीविका मिशन डायरेक्टर ललित मोहन वेलबाल, प्रोजेक्ट मैनेजर सुषमा रानी शुक्ला तथा ह्ढ्ढत्रष्ठ हैदरावाद के निदेशक के विरुद्ध भारतीय दंड सहिता की 10 आपराधिक धाराओं सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीवद्ध करने की अनुशंसा की गई है ! मिशन मे व्याप्त भ्रष्टाचार के सम्वन्ध मे विधान सभा के शीतकालीन सत्र मे मैहर विधायक श्री नारायण त्रिपाठी ने ध्यानाकर्षण कराया गया तथा पूर्व पंचयात मंत्री कमलेश्वर पटेल ने सदन मे जाँच रिपोर्ट के अनुसार दोषियों पर आपराधिक कार्यवाही करने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया गया ! फिर भी शासन के दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई ! याचिका कर्ता तथा उक्त भ्रष्टाचार का पर्दाफास करने वाले भूपेंन्द्र प्रजापति द्वारा आज न्यायलय के समक्ष सीनियर आईएएस दिव्या मराव्या की अध्यक्षता मे गठित जाँच कमेटी की रिपोर्ट आज न्यायलय मे दाखिल कर दीं गई है ! उक्त प्रकरण की आज प्रारंभिक सुनवाई जस्टिस शील नागू तथा जस्टिस वीरेंदर सिंह की खंडपीठ द्वारा की गई आज सुनवाई के समय उक्त जाँच रिपोर्ट रिकार्ड पर नहीं होने से न्यायलय द्वारा रजिस्ट्री को उक्त रिपोर्ट याचिका मे सलंगन करने का आदेश पारित करके प्रकरण की अगली सुनवाई दिनांक 16/01/2023 को नियत की गई याचिका कर्ता की ओर से पैरवी अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, अंजनी कुमार ने की !



### नहीं लगाए गए संकेतक, सेफ्टी के नाम पर एक स्पीड ब्रेकर



### तीन सडक़ करनी पड़ती है पार

शहर की ओर से या फिर भेड़ाघाट की ओर से आने वालों को तीन सडक़ पार करनी होती है। इसमें एक सर्विस रोड एवं अन्य दो मुख्य हाइवे की सडक़ है। चौराहे पर हालत यह है कि यहां संकेतक नहीं लगे हैं। सगड़ा से भेड़ाघाट की ओर सडक़ पर रिफलेक्टर लगे हैं लेकिन तिलवारा की ओर ये भी नहीं है, जिससे रात के समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### सर्विस रोड और हाइवे की सडक़ पर भ्रम

शहर की ओर जाने वाली सडक़ और हाइवे की सडक़ के बीच लोगों को भ्रम हो रहा है। इसमें होता यह है कि शहर की ओर से आने वाले लोग हाइवे सडक़ पर खड़े हो जाते हैं, जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक भ्रमित होते हैं।

# लम्हेटा चौराहे पर दुर्घटना का खतरा

**जबलपुर, यशभारत।** नागपुर-रीवा बायपास पर तिलवारा से भेड़ाघाट के बीच सगड़ा चौराहा है। यह चौराहा समतल है। चौराहे से न्यू भेड़ाघाट और शहर की ओर आने वाला रास्ता है, जहां सुरक्षा की दृष्टि से मात्र एक स्पीड ब्रेकर ही बनाया गया है। इस चौराहे पर सुरक्षात्मक संकेतक नहीं होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

जबलपुर. नागपुर-रीवा हाइवे पर महाराजपुर से तिलवाराघाट के बीच हाइवे शहर से लगा हुआ है। इसमें भेड़ाघाट, कटंगी और पाटन बायपास चौराहों पर ओवरब्रिज बना हुआ है। इसमें खजरीखिरिया और सगड़ा सडक़ के समानांतर है। इस जगह पर संकेतक नहीं होने से दुर्घटना का खतरा है।

# प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बाद आती है कांग्रेस सरकार : प्रदेश सहप्रभारी मित्तल



**जबलपुर, यशभारत। इंदौर में चल रहे प्रवासी भारतीय सम्मेलन पर प्रदेश सह प्रभारी सीटी मित्तल ने कहा है कि मध्यप्रदेश में जब भी प्रवासी भारतीय सम्मेलन हुआ तब तक कांग्रेस की ही सरकार बनी है। यह बयान दिया है कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सीपी मित्तल ने।**

उन्होंने कहां भारतीय जनता पार्टी को राहुल गांधी का फोबिया हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा बुरी तरह से घबरा गई हैं। यही वजह है कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत से ही बीजेपी की नजर इस यात्रा पर है।उन्होंने कहां चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार को विधानसभा चुनाव में टिकट मिलेगी। उन्होंने दावा किया है कि 150 से भी ज्यादा सीटें कांग्रेस जीत कर आएगी। संगठन और पार्टी के मौजूदा विधायकों और दावेदारों को लेकर उन्होंने साफ किया है कि कांग्रेस ऐसे विधायकों और दावेदारों की कुंडली तैयार कर रही है। चुनाव जीतने पर कांग्रेस विधायक दल मुख्यमंत्री का चेहरा चुनेगा। उन्होंने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में भाजपा नेताओं में मनमुटाव है। उन्होंने नसीहत दी है कि पहले भाजपा नेता अपने संगठन को मजबूत करें।

# करन-अर्जुन ने जमकर भांजी तलवार



**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल मंदिर के पास खड़े एक युवक को तड़ीबाजी ना देना उस वक्त भारी पड़ गया जब करन-अर्जुन ने जमकर गालीगलौच करते हुए तलवार से सिर में हमला कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय युवक निवासी बड़ी मदार टेकरी ने बताया कि देर रात अपने घर के बाहर माता मंदिर के पास खड़ा था तभी पड़ोसी करन एवं अर्जुन आये और शराब पीने के लिये पैसा मांगने लगे, उसने दोनों का पैसे देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना किया तो करन ने तलवार से सिर में हमलाकर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसका भाई बीच बचाव करने लगे तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# जबलपुर में ठंड से वृद्ध की मौत

### सुबह अकड़ा मिला शव, पुलिस जांच में जुटी



**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोहनाका चौराहे के समीप एक परिसर में आज सोमवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब रात में सो रहे वृद्ध का शव अकड़ा हुआ मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दमोहनाका चौराहे के समीप कृष्णा होम्स परिसर में एक वृद्ध का बरामद किया गया है। कयास लगाए जा रहे है कि वृद्ध की मौत ठंड की वजह से हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### अमित कुमार गुप्ता वैश्य महासम्मेलन के संभागीय महामंत्री



**जबलपुर, यशभारत।** अमित कुमार गुप्ता को वैश्य महासम्मेलन जबलपुर संभाग का महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश महामंत्री संदेश जैन एवं संभागीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल बबलू ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर प्रमुख रूप से अतुल चौरसिया ,जितेंद्र देव गुप्ता ओम प्रकाश महावार, अमित गुप्ता, अमित अग्रवाल शिव कांत अग्रहरी अनुपम गुप्ता मनीष गुप्ता विप्लव साहू अन्य वैश्य बंधु काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# उन्नत मन सफलता का आधार पर संगोष्ठी

**जबलपुर, यशभारत।** विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत ब्रम्हकुमारी शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन सेवा केंद्र पर उन्नत मन सफलता का आधार विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।उक्त आयोजन में डॉ अभिलाष पांडे पूर्व युवा अध्यक्ष बीजेपी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय एवम चरित्र का ज्ञान प्रत्येक युवाओं को होना चाहिए उनका जीवन एक पुस्तक के समान है जिसे कोई भी युवा पढ़ कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकता है,साथ ही अपनी युवा शक्ति का उचित प्रयोग कर समाज के कल्याण में अपना योगदान दे सकता है। डॉ श्याम रावत केंसर रोग विशेषज्ञ ने कहा कि आज का युवा अपनी शक्ति को न पहचान कर उसे व्यर्थ कायों में लगा रहा है। अल्प आयु में ही वह अनेक प्रकार के व्यसनों से ग्रसित होकर बीमारियों के जाल में फसता जा रहा है जिससे उसका भविष्य भी प्रभावित हो रहा है।आज आवश्यकता है कि वह अपनी ऊर्जा को उचित कार्यो में लगा कर देश एवम समाज के हित में अपना योगदान दे।बी के वर्षा बहन ने इस अवसर पर कहा कि आज का युवा अपनी आंतरिक सुंदरता को छोड़ कर पर बाहरी सुंदरता को महत्व दे रहा है, भौतिकता और विलासिता की ओर उसका मन आकर्षित है, आवश्यकता है उसे आध्यात्मिकता के द्वारा अपने आंतरिक शक्तियों को जागृत कर श्रेष्ठ दिशा देने की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्रम्हाकुमारी भावना बहन ने कहा कि युवा मानशिक व शारीरिक रूप से शक्तिशाली होता है आवश्यकता है उसे सकारात्मक दिशा देने की ताकि उसकी शक्तियों का प्रयोग मानव कल्याण में किया जा सके इसके लिए आपने कहा कि राजयोग मन को सुमन बनाने की परम् औसधि है जिसके द्वारा जीवन की उपयोगिता और श्रेष्ट जीवन जीने की कला हम सीखते है आपने कुछ पल उसका अभ्यास भी कराया,बी के नरेश ने युवाओं पर कविता का वाचन किया,संस्था का परिचय बी के वीरेंद्र ठाकरे ने आभार बी के परेश ने एवम संचालन बी के संतोष चक्रवर्ती ने किया।




# श्री इंजी. रमेश साहू का निधन



**जबलपुर।** राहुल इंजीनियर्स के संचालक महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स के पूर्व मानसेवी मंत्री, महेश साहू के बड़े भ्राता एवं राहुल, रोहित के पिता इंजी. श्री रमेश साहू का मुंबई में निधन हो गया। अंतिम यात्रा सुबह11 बजे यादव कालोनी एलआईसी कालोनी जयनगर से रानीताल मुक्तिधाम पहुंची जहां हुए अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के लोगों ने सम्मलित होकर दिवंगत को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संयुक्त राष्ट्र की बढ़ती अप्रासंगिकता

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा ढांचे पर वाजिब सवाल उठाए हैं। उनकी इस बात से शायद ही कोई असहमत होगा कि यह ढांचा वर्तमान विश्व का उचित प्रतिनिधित्व नहीं करता। मसलन, इसकी सुरक्षा परिषद में अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की स्थायी नुमाइंदगी नहीं है। उधर इस वर्ष यह विसंगति भी सामने आएगी कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश (यानी भारत) सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं होगा। जयशंकर ने ऑस्ट्रिया के एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि जिन देशों को स्थायी सदस्यता मिली हुई है, वे इसके 'आनंद' को दूसरों के साथ बांटना नहीं चाहते। ये तमाम वाजिब बातें हैं, जो दशकों से कही जाती रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में सुधार कर इसे अधिक प्रातिनिधिक बनाया जाए, यह मांग भी दशकों पुरानी हो चुकी है। लेकिन ये मांगें कहीं पहुंचती मालूम नहीं पड़तीं। इस बीच भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील जैसे देशों की ढांचे में सुधार की मांग को बाकी दुनिया का समर्थन नहीं मिला है, क्योंकि उन हिस्सों में ये धारणा रही है कि ये देश अपने हित को आगे बढ़ाने की मुहिम चला रहे हैं। ऐसी धारणा बनने के पीछे एक वजह इन देशों का अपना व्यवहार भी रहा है। इस आरोप में दम है कि अपने हित साधने के प्रयास में इन देशों ने व्यापक विश्व हित का बिना ख्याल किए फौरी समीकरण बना लेने में कोई हिचक नहीं दिखाई है। इस बीच अमेरिका ने सवा दो दशक पहले ही खतरे के अनुमान पर एकतरफा कार्रवाई का सिद्धांत न सिर्फ अपना लिया, बल्कि सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा भी कर दी। उसके बाद लगभग हर स्थायी सदस्य देश ने संयुक्त राष्ट्र की अनदेखी करते हुए अपने हित में कदम उठाए। जब स्थायी सदस्य ही संयुक्त राष्ट्र की भूमिका की ऐसी अनदेखी करते रहे हों, इस मंच से किसी समस्या के समाधान में सार्थक हस्तक्षेप की उम्मीद का क्षीण होते जाना लाजिमी ही है। यूक्रेन संकट में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका हाशिये पर चली गई है। ऐसे में जयशंकर के वाजिब सवाल दुनिया का ध्यान शायद ही खींच पाएंगे, क्योंकि इस समय हर विवेकशील व्यक्ति की असली चिंता है संयुक्त राष्ट्र की बढ़ रही अप्रासंगिकता।

# धर्मांतरण से उबलता छत्तीसगढ़ का शांत जनजातीय समाज

**छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर संभाग विशेषतः नारायणपुर जिला पुनः अस्थिर, अशांत और अनमना सा है। सदा की तरह कारण वही है, धर्मांतरण! वैसे तो समूचा छत्तीसगढ़ ही धर्मांतरण और मसीही आतंक से पीड़ि1 है किंतु बस्तर संभाग में यह दंश कुछ अधिक है। सदा की तरह कारण स्थानीय जनजातीय समाज की परम्पराओं, मान्यताओं, पूजा परंपरा, देव परंपरा आदि आदि पर हमला। छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज पर सतत हो रहे हमले और उनके धर्मांतरण को लेकर दो छत्तीसगढ़ी लोकोक्तियाँ ध्यान आती हैं -**

खाँड़ा गिरै कोंहड़ा माँ, त कोंहड़ा जाय। – कोंहड़ा गिरै खाँड़ा माँ, त कोंहड़ा जाय।

अर्थात कुल्हाड़ी गिरे कुम्हड़े पर गिरे, या, तो कुम्हड़ा कुल्हाड़ी पर गिरे, कटता तो कुम्हड़ा ही है। छग में जनजातीय समाज की स्थिति शत प्रतिशत कुम्हड़े के समान हो गई है और कुल्हाड़ी की भूमिका में है यहां बलात धर्मांतरण कराने वाला मसीही समाज और मसीही समाज की परम सहयोगी बघेल सरकार। छग के जनजातीय समाज पर जो कुल्हाड़ी चल रही है उस कुल्हाड़ी में लगी लकड़ी आदिवासी है। छग के आदिवासी अर्थात वे लोग जो धर्मांतरित होकर अपने ही जनजातीय बंधुओं के विरुद्ध चल रही कुल्हाड़ी की लकड़ी बन रहें हैं। इस प्रकार छग का भोला भाला जनजातीय समाज नकली आदिवासी और मसीही समाज से प्रतिदिन काटा पीटा जा रहा है।

दो दिन पूर्व बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में जो घटना घटी है उसके लिए दूसरी छत्तीसगढ़ी कहावत है-

खाट मेहरिया भुँइ भतार

अर्थात पत्नी खाट पर शान से सोई है और गृहस्वामी पति जमीन पर सिकुड़ कर सोया है। वर्तमान में छग के जनजातीय समाज की यही स्थिति है। किंतु, अब छग का जनजातीय समाज इन धर्मांतरित मसीही आदिवासियों और मसीही लोगों के अत्याचार के विरुद्ध जागृत होकर प्रतिकार कर रहा है।

वैसे तो भारत के सभी जनजातीय प्रदेश ईसाई मिशनरियों, इटली, रोम, पोप के प्रिय निशाने रहे हैं, किंतु दक्षिणी छग का बस्तर संभाग इनके दंश को बहुत बड़े स्तर पर झेलता चला आ रहा हैं। चार हजार वर्ग किमी में फैले बस्तर संभाग में कोंडागांव ,दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर जिले हैं। अद्भुत लोककलाओं, नृत्यों, चित्रों, आकृतियों, देव परम्पराओं, वन्य उत्पादनों, जीवंत व विविध कृषि, प्रकृति पूजा और वन्य प्राणियों से समन्वय वाला यह संभाग अब मसीही समाज की आतंकी धर्मांतरणकारी गतिविधियों के से अशांत और हिंसक हो रहा है। रामायण में दण्डकरण्य नाम से, महाभारत में कोसल साम्राज्य के नाम से और 450 ईस्वी के नल राजा भवदत्त वर्मन के नाम से हम इस क्षेत्र के पौराणिक और एतिहासिक महत्त्व को समझ सकते हैं। यहां 1324 में काकतीय महाराजा अन्नम देव द्वारा साम्राज्य स्थापित किया गया। इसके बाद महाराजा हमीर देव, बैताल देव, महाराजा पुरुषोत्तम देव, महाराज प्रताप देव, दिकपाल देव, राजपाल देव के शासन से लेकर महाराजा प्रवीर चन्द्र भंज देव (1936-48) का शासन रहा है। यहां मुख्य रूप से गोंड, मारिया, मुरिया, भतरा, हल्बा, धुरुवा जनजातियां निवासरत हैं। आज भी इन्हें घने जंगलों के खूब भीतर ही रहना ही प्रियकर है। दुखद यह है कि इतने भीतर रहने पर भी इन्हे सतत धर्मांतरण,आर्थिक लूटपाट, शोषण का शिकार बनाया जा रहा है और इन्हें इनकी लोक परम्पराओं से बलात दूर किया जा रहा है। योजनापूर्वक इनकी संस्कृति को नष्ट किया जा रहा है। कुछ महीनों पूर्व बस्तर संभाग के कोंडागांव में भी धर्मांतरण को लेकर जनजातीय बंधुओं ने बड़ा प्रतिकार किया था। तब वहां नर्मदा बचाओ आंदोलन के तथाकथित अर्बन नेता मेधा पाटकर, अमिताभ मिश्रा, विमल, अखिल चौधरी, डा. विक्रम सिंह, बेला भाटिया आदि पहुंचे थे। आश्चर्य है कि इन कथित मानवाधिकारियों को भी वहां के जनजातीय समाज की पीड़ा, उनके अधिकारों का हनन, उनकी नष्ट होती परम्पराएं, नहीं दिखा था। ये सभी वहां जाकर छग की कांग्रेस सरकार को क्लीनचिट देकर अपनी प्रायोजित यात्रा की इतिश्री कर आए थे। इन जैसे अन्य मानवाधिकारी, मोमबत्ती बाज, बड़ी बिंदी वाले लोगों को छग में जनजातीय समाज का बलात धर्मांतरण और उसके कारण जनजातीय समाज में अत्यधिक प्रेशर उत्पन्न करता रोष, क्रोध, असंतोष और दुःख दिखता ही नहीं है। इन्हें केवल छग सरकार की छवि की चिंता है और उन आदिवासियों की चिंता है जो धर्मांतरित होकर धनी और साधन संपन्न हो गए हैं। प्रायोजित बस्तर विजिटर मेघा पाटकर टीम ने यदि तब नकली आदिवासियों, धर्मांतरण कारियों, जनजातीय विरोधी बघेल सरकार को क्लीनचिट देकर भोले भाले जनजातीय समाज की भावनाओं से खिलवाड़ न किया होता तो आज नारायणपुर की घटना न हुई होती। धर्मांतरित व साधन संपन्न होकर भी जनजातीय समाज को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने वाले आदिवासी नारायणपुर में हिंसा के प्रमुख कारक हैं। ये धर्मांतरित अर्बन आदिवासी वनवासी जनजातीय समाज को दीन हीन, उपेक्षा, हास्य और व्यंग्य की दृष्टि से देखकर उनमें क्रोध और दुःख उपजाते हैं। ये अर्बन आदिवासी अपने मूल समाज से रोटी बेटी के संबंध को भी समाप्त कर चुके हैं। सबसे ब?ी बात यह है कि ये जो अरबन सुविधाभोगी और शासकीय आरक्षण का अधिकतम लाभ उठाने वाला धर्मांतरित आदिवासी समाज है; इसे ईसाई समाज भी नहीं स्वीकारता है। धर्मांतरित आदिवासियों को मसीही समाज छलता है, उनका उपयोग अपनी कुल्हा?ी में लक?ी की तरह करता है, किंतु, मसीही समाज कभी भी इनसे रोटी बेटी का सम्बन्ध नहीं रखता है। फलस्वरूप बस्तर संभाग में जनजातीय समाज एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। विरोध दबाने के लिए छग की कांग्रेस सरकार तरह-तरह की दमनकारी नीतियां अपना रहा है। भोले भाले जनजातीय बंधुओं को जेल में डाला जा रहा है। वामपंथी नक्सली क्षेत्र में वनवासी समाज के विरुद्ध वातावरण बनाया जा रहा है। नारायणपुर की घटना इसकी प्रतिक्रया है। नारायणपुर का जनजातीय धर्मांतरित आदिवासियों, धर्मांतरणकारी मसीही समाज, कथित मानवाधिकारी कार्यकर्ताओं और बघेल सरकार के आचरण को पहचान चुका है। छग में अब मुखरता से यह प्रश्न उभर रहा है कि जब माओवादियों और वामपंथी आतंकियों द्वारा क्षेत्र में जनजाति नागरिकों, किसानों और महिलाओं पर अत्याचार और हत्या की जाती है तब मेधा पाटकर और बेला भाटिया जैसे लोग क्यों नहीं आते?

नारायणपुर में अब इस पुरे आततायी, उपेक्षाकारी और शोषक इतिहास की प्रतिक्रिया व्यक्त हो रही है। जनजातीय समाज नकली आदिवासियों और मसीहों के विरुद्ध सड़क पर है। ईसाई बनकर अपनों पर ही अत्याचार और धर्मांतरण कराने वालो के विरूद्ध तीखा वातावरण बन गया है। प्रश्न यह है कि जनजाति समाज द्वारा ईसाई मिशनरियों का विरोध करना और अपनी धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए आवाज उठाना छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को क्यों खटकता है? जनजातीय समाज का यह स्पष्ट आरोप है कि भूपेश सरकार ने जनजाति समाज के खिलाफ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए जनजाति प्रमुखों को जेल भिजवा दिया। मुख्यमंत्री बघेल पक्षपात करते हुए चर्च से जुड़े लोगों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रहे है।

आवश्यकता है कि नारायणपुर जिले, बस्तर संभाग और समूचे छग में अब तत्काल प्रभाव से जनजातीय समाज की भावनाओं को समझकर उनसे समन्वय स्थापित किया जाए। यह एक संवेदनशील कार्य है जिसे संभवतः भूपेश बघेल की अर्बन नक्सलियों से नाता रखने वाली सरकार नहीं कर पाएगी।

# हवा में हंगामा

हममें से शायद ही ऐसा कोई होगा, जिसका ट्रेन या बस में सीट को लेकर विवाद न हुआ हो। अक्सर ऐसा हो ही जाता है। कभी गलत ट्रेन में चढ़ने पर, गलत कोच में चले जाने पर, गलत सीट पर बैठ जाने पर या फिर किसी अन्य मामले में यात्रियों से विवाद हो ही जाते हैं। पर विमान में यदि यात्री आपस में उलझें, अपशब्दों का प्रयोग करें, मारपीट करें, तो इसे क्या कहा जाए? आम धारणा है कि विमान में यात्रा करने वाले लोग सभ्य होते हैं। क्योंकि हवाई टिकट खरीदना आम आदमी के बस में नहीं होता। पर आजकल एयरपोर्ट पर भी रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंड जैसी भी? होने लगी है, तो तय है कि इसमें भी वैसे ही लोग आएंगे, जिनकी मानसिकता रेल्वे स्टेशन या बस स्टैंड के यात्रियों जैसी होती है।

26 दिसम्बर को बैंकाक से कोलकाता आ रही फ्लाइट में यात्रियों में हुए विवाद का जो वीडियो वायरल हुआ है, उससे यही सिद्ध होता है कि विमान के टिकट के साथ शिष्टाचार नहीं मिलता। शिष्टाचार यानी तमीज को हमें ही लानी होती है। धन-दौलत से आप सब कुछ खरीद सकते हैं, पर क्लास तो नहीं खरीद सकते। ट्रेन में विभिन्न तरह के यात्री होते हैं, जिनसे निपटना बहुत ही मुश्किल होता है। कई बार ट्रेन में विवाद जान पर बन आते हैं। गुस्सा इतना अधिक बढ़ जाता है, कि लोग अपने प्रतिद्वंद्वी को चलती ट्रेन से बाहर फेंक देते हैं। अरुणिमा सिन्हा का मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है। ऐसी प्रवृत्ति के लोग जब विमान में सफर कर रहे होते हैं, तो वे दूसरों के लिए भी मुसीबत बन जाते हैं। ऐसे लोगों को भविष्य में विमान का टिकट ही नहीं मिलना चाहिए। यह एक उपाय हो सकता है, पर इससे यात्री की प्रवृत्ति बदल जाएगी, यह सोचना गलत होगा। उनके साथ कुछ ऐसा होना चाहिए, जिससे अन्य यात्रियों को सबक मिले।

अक्सर ऐसा होता है कि विमान में यात्री एयर होस्टेस को अपना नौकर समझ लेने की भूल कर बैठते हैं। इसलिए उन्हें बार-बार बुलाकर उससे बात करने का बहाना तलाशने लगते हैं। ऐसा करके वे ये सोचते हैं कि इससे उन्हें किसी तरह के मीठे आनंद की प्राप्ति हो रही है। यही मीठा आनंद उन्हें तकलीफ में भी डाल सकता है, इसका अंदाजा उन्हें नहीं हो पाता। जिन्हें विवाद पसंद ही नहीं है, ऐसे लोग ट्रेन में भारी शोरगुल के बीच खड़े होकर आराम से यात्रा कर लेते हैं। पर कुछ लोग विवाद का अवसर ढूंढते रहते हैं। जहां मौका मिला, अपनी औकात दिखा देते हैं। फिर वे यह भूल जाते हैं कि हम कहां सफर कर रहे हैं। इस विवाद में अपशब्दों का खुलकर प्रयोग होता है। जो यह दर्शाता है कि उन्होंने यात्रा का टिकट तो खरीद लिया, पर शिष्टाचार नहीं खरीद पाए।

शिष्टाचार भीतर से आता है, इसका कहीं भी प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। इसके बाद भी जब दो गुटों में विवाद होता है, तो दोनों ही गुट अपने होने का अहसास कराते हैं। पर जैसे ही वहां पुलिस का आगमन होता है, तो दोनों ही गुट सभ्य होने का ढोंग करने लगते हैं। इसका आशय यही हुआ है कि कहीं न कहीं उनके भीतर सभ्यता दुबकी प?ी है। शिष्टाचार उन्हें आता तो है, पर विवाद के दौरान वे उसका प्रदर्शन नहीं करना चाहते। पुलिस के आते ही वे शिष्टाचार का बाना धारण कर लेते हैं। यह माना जाता है कि निचली झोपड़पट्टियों में रहने वाले लोग अशिष्ट होते हैं, दूसरी ओर हाई-फाई कॉलोनी में रहने वाले लोग सभ्य होते हैं। पर कई बार इसका उल्टा ही नजारा देखने को मिलता है। पहले जहां महिलाएं होती हैं, वहां अपशब्द बोलना असभ्यता की निशानी माना जाता था, पर अब वह बात नहीं रही, क्योंकि महिलाएं भी खुलकर अपशब्दों का प्रयोग करती हैं।कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि अब लोग पहले से भी अधिक आक्रामक होने लगे हैं। धैर्य का पूरी तरह से अभाव देखा जाने लगा है। कुछ अव्यवस्थाओं के बीच लोग अपना आपा खोने में देर नहीं करते। सामने वाली की बातों को समझने की कोशिश भी नहीं होती। जब तक सामने वाला अपनी बात समझाता है, तब तक काफी देर हो जाती है। इसलिए विमान में यात्रा करने वाले लो सभ्य ही होते हैं, यह धारणा भी अब निर्मूल साबित हो रही है। इसलिए अच्छा यही है कि स्वयं शांत रहें, अव्यवस्थाओं को जीवन का हिस्सा मान लें, जो विवाद करता है, उसे मजबूरियों का मारा मान लिया जाए। विवाद उत्पन्न ही न हो, इसकी पूरी कोशिश की जाए। तभी आप यात्रा का पूरा आनंद उठा पाएंगे।

जब लोग विवाद पर उतारू हो जाते हैं, वास्तव में तभी उनका सही चरित्र उभरकर सामने आता है। कहा भी यही गया है कि इंसान गुस्से में जिस भाषा का इस्तेमाल करता हो, वास्तव में वही उसकी असली पहचान है। गुस्से से ही व्यक्तित्व की सारी खूबियां सामने आती हैं। इसलिए जिसने अपने गुस्से पा काबू पा लिया, समझो उनसे संसार जीत लिया। विवाद के पहले ही यदि गुस्से पर काबू पा लिया जाए, तो ट्रेन, बस या विमान का सफर ही नहीं, जीवन का सफर भी आसान हो जाएगा।

## आपका राशिफल 10 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 6042



**ऊपर से नीचे:-**

१. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७. गुरुदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमृताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6041



Jagrutidaur.com, Bangalore

## स्मार्टफोन का ज्यादा इस्तेमाल नहीं है खतरे से खाली, जा सकती है आपकी आंखों की रोशनी

आज के समय में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक सभी मोबाइल के आदी हो चुके हैं। सुबह आंख खुलने से लेकर रात को आंख बंद करने तक ज्यादातर हमारा समय मोबाइल की स्क्रीन को देखने में ही बीतता जा रहा है। जिस वजह से आंखों की रोशनी पर बुरा असर पड़ रहा है। मोबाइल फोन से निकलने वाली घातक नीली रोशनी आंखों की रोशनी को धुंधला कर रही है। सामान्य रूप से प्रति मिनट 12 से 14 बार हम आंखें झपकते हैं, लेकिन मोबाइल स्क्रीन पर लगातार देखते रहने पर हम सिर्फ 6 से 7 बार ही आंखें झपकते हैं। जिसके कारण आंखों में सूखापन बढ़ता है और वह कमजोर होती हैं। जिससे कई प्रकार की समस्याएं होती है जैसे-

### आंखों का पानी का सूखना

लगातार मोबाइल स्क्रीन पर देखते रहने से हमारी आंखो में बहुत ज्यादा ज़ोर पड़ता है जिसके वजह से आंखों का पानी सूख जाता है। जिससे आंखों में खुजली और जलन होने लगती है। ऐसा लगातार करने से आंखों की अश्रु ग्रंथि पर बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा आंखों की पुतलियां और नसें भी सिकुड़ने लगती है। जो सिरदर्द की समस्या का भी कारण बनता है।

### धुंधला दिखाई देना

देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते रहने से चीजों का धुंधला दिखना आम समस्या हो गयी है। देर रात तक मोबाइल इस्तेमाल करने से स्क्रीन की रोशनी सीधे हमारी आंखों पर पड़ती है।

### रेटिना पर घातक अटैक

फोन से निकलने वाली रोशनी आंख के रेटिना पर असर करती हैं। इससे आंखें जल्दी खराब होने लगती है और देखने की क्षमता भी धीरे-धीरे घटने लगती है।

### आंखों का लाल होना

लगातार स्क्रीन पर देखते रहने से आंखों का सफेद भाग लाल पड़ जाता है। आई ड्रॉप डालने पर भी ये समस्या कम नहीं होती। लाल होने के साथ ही आंखें सूजी हुई भी लगती हैं।

### छोटी उम्र में ही चश्मा लगना

छोटी उम्र में ही बच्चों की आंखों की रोशनी कमजोर होने लगी है। इन दिनों यह समस्या काफी ज्यादा देखने को मिल रही है। जिसकी एक वजह लंबे वक्त तक मोबाइल चलाना या कंप्यूटर पर काम करना है।

### मोबाइल फोन से आंखों को होने वाले नुकसान से ऐसे बचें

### मोबाइल को रखें आंखों से दूर

मोबाइल को आंखों से जितना दूर रख सके रखें इससे कुछ हद तक आंखों को सुरक्षित रखा जा सकता हैं। जब भी मोबाइल इस्तेमाल करें इस बात का जरूर ध्यान रखें कि मोबाइल फोन आंखों के एकदम पास में न हो।

### रात को ना करें फोन का इस्तेमाल

रात में ज्यादा देर तक मोबाइल फोन इस्तेमाल न करें। देर रात तक फोन यूज करने से नींद खराब होती है और बाद में ये आदत बन जाती है। इससे आंखों के नीचे डार्क सर्कल इत्यादि होने के साथ आईसाइट पर भी बुरा असर पड़ता है।

### 20 सेकंड का लें ब्रेक

मोबाइल का इस्तेमाल करते समय 20 मिनट के बाद कम से कम 20 सेकंड का ब्रेक जरूर लें इससे आंखों का राहत मिलेगी।

### ब्लू रे पावर वाले चश्मे का करें इस्तेमाल

जितना हो सके बिना वजह मोबाइल का इस्तेमाल न करें और हो सके तो ब्लू रे पावर वाले चश्मे का प्रयोग जरूर करें। इससे स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी से बचा जा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6555

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6554 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |



## विचार प्रवाह

अगर देश के सभी मुसलमान मूलधारा से जुड़ जाएं तो देश की आधी समस्याएं खत्म हो जाएं। आम मुसलमान देश की समस्या नहीं है बल्कि कट्टरपंथी मुसलमान देश के लिए समस्या है। बात बात में अल्लाह की दुहाई देना और देश के विकास में रोड़े अटकाना- यह कट्टरपंथी मुसलमान की पहचान है। कट्टरपंथियों से समरसत्ता की उम्मीद करना बेमानी है।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7594



**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

शब्द पहेली -7593 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# पुलिस की 15 साल पुरानी खरीदी व्यवस्था रद्द अब नई प्रक्रिया से खरीदे जाएंगे बारूद, शस्त्र, घोड़ा और श्वान

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश पुलिस की 15 साल पुरानी सामग्री खरीदी प्रक्रिया रद कर दी गई है। अब नई व्यवस्था लागू कर इसी प्रक्रिया से पुलिस के लिए सामग्रियों की खरीदी की जाएगी। मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने खरीदी के नए निर्देश जारी कर दिए हैं। अब गोला-बारूद, शस्त्र, टीयर गैस उपकरण, घोड़े और श्वानों की खरीदी नई प्रक्रिया से की जाएगी।
इन सामग्रियों के साथ इंटरकाम तथा पीएबीएक्स की स्वीकृति के संबंध में क्रय के सारे अधिकार डीजीपी के पास रहेंगे, जबकि सेनेटरी इंस्टालेशन, पुलिस अस्पतालों के लिए दवाईयों तथा उपकरणों, पुलिस मेस के लिए बर्तनों, शैक्षणिक उपकरण तथा बैटरी में बदलाव में सामग्री क्रय के अधिकारी पीएचक्यू की प्रबंध शाखा के एडीजीपी के पास रहेगी। निर्देशों में तकनीकी समिति एवं केंद्रीय क्रय समिति के गठन का भी प्रविधान किया गया है। साथ ही क्रय की प्रक्रिया के 26 बिंदु निर्धारित किए गए हैं। पुलिस द्वारा क्रय की जाने वाली सामग्री के मापदंड निर्धारण के लिए पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं को अधिकृत किया गया है। संबंधित शाखा सामग्रियों के मापदंड तैयार करेगी, समीक्षा कर नवीन-संशोधित मापदंड का अनुमोदन पुलिस महानिदेशक से प्राप्त कर क्रय शाखा को आवश्श्यकता अनुसार उपलब्ध कराएगी। इसके लिए तकनीकी समिति का भी गठन किया जाएगा।तकनीकी मापदंड पुलिस मुख्यालय तथा प्रदेश की समस्त इकाईयों के लिए लागू होंगे और अग्रिम संशोधन तक निरंतर मान्य रहेंगे।

## नई व्यवस्था से इस माह 26 श्वान (डाग), बुलेट प्रूफ जेकेट-हेलमेट और डायल 100 के लिए 100 नग छोटे मोबाइल की होगी

### समय पर सामग्री नहीं की प्रदाय तो ब्लेक लिस्ट होगी कंपनी

पांच लाख से अधिक के क्रय में केंद्रीय क्रय समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी, जिसमें पुलिस महानिदेशक स्वीकृतिकर्ता अधिकारी होंगे। मध्य प्रदेश शासन के शासकीय उपक्रम, जेम से खरीदी करने पर संपूर्ण नियम संबंधित पोर्टल के ही लागू होंगे। खास बात यह है कि किसी भी संस्था, विक्रेता, निविदाकार से निगोशिऐशन (मोलभाव) नहीं किया जाएगा। सामग्री प्रदायकर्ता फर्म निर्धारित अवधि में सामग्री प्रदाय नहीं करती है तो उसकी सुरक्षा निधि



राजसात कर फर्म कालीसूची (ब्लेक लिस्ट) कर दी जाएगी। विदेश से आयात की जाने वाली सामग्री के प्रदाय की अवधि विस्तारण तथा विलंब पर लगाई जाने वाली पेनाल्टी को तथ्यों एवं परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए परिवर्तन करने की अनुशंसा क्रेता शाखा करेगी, जिस पर पुलिस महानिदेशक का निर्णय अंतिम होगा। व्हीकल, एंटीराईट व्हीकल, शस्त्र, गोला, बारूद की खरीदी प्रबंध शाखा करेगी। ड्रोन, सिक्योरिटी सिस्टम आदि सुरक्षा से संबंधित सामग्रियों की खरीदी विशेष शाखा करेगी। फोन, बीपीएक्स, सीसीटीवी, कम्यूनिकेशन इक्यूपमेंट, बाडी वार्न कैमरा, विजुअल डिस्प्ले सिस्टम, एलईडी टीवी, पेनल आदि दूरसंचार शाखा करेगी। स्पीड गन, ब्रीथ एनाइलाईजर, पीए सिस्टम, लाउड हेलर आदि पीटीआरआइ शाखा खरीदेगी।

### 26 श्वान खरीदेगी 23वीं बटालियन

मध्य प्रदेश पुलिस की एसएएफ 23वीं बटालियन 26 श्वान (डाग) खरीदेगी। इसके लिए नई व्यवस्था के तहत आनलाइन टेंडर किया गया है। इनमें 11 जर्मन शेफर्ड, 10 डाबरमेन, दो लेबराडोर और तीन बेल्जियम मेलोनाइस नस्ल के श्नान खरीदे जाएंगे। डायल-100 के लिए खरीदे जाएंगे 100 नग छोटे मोबाइल डायल - 100 एफआरव्ही वाहनों के लिए 100 नग मोबाइल फोन खरीदे जाएंगे। यह मोबाइल छोटे और सिंगल सिम के होंगे।

# मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तकरार तेज

## नए साल में कांग्रेस ने बदला ट्रैक , बीजेपी भी पूछ रही सवाल

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तकरार तेज हो चली है। कांग्रेस ने सीडी, व्यापमं और भ्रष्टाचार को लेकर सत्ताधारी भाजपा को घेरना शुरू कर दिया है तो वहीं भाजपा भी आक्रामक मुद्दे में कांग्रेस से सवाल पूछ रही है। नया साल शुरू होने के साथ कांग्रेस के तेवरों में तेजी से बदलाव आ रहा है, इसकी शुरूआत नए साल के पहले ही दिन से हो गई जब कांग्रेस ने नया साल नई सरकार की होर्डिंग और बैनर राजधानी की सड़कों पर पाट दिए। इनमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ को भावी मुख्यमंत्री बताया गया। उसके बाद से तो कांग्रेस ने शिवराज सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस के निशाने पर भाजपा नेता व संघ के कार्यकर्ता तक हैं। कांग्रेस ने सत्ताधारी दल को घेरने के लिए नेताओं की अश्लील सीडी, व्यापमं घोटाला और राज्य सरकार के एक दर्जन से ज्यादा मंत्रियों के भ्रष्टाचार की पोल खोल को मुद्दा बनाया है। भारतीय जनता पार्टी और शिवराज सरकार को घेरने की शुरूआत नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह के सीडी वाले बयान से हुई है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उनके पास ऐसी अश्लील सीडी है जिसमें



भाजपा के कई नेताओं की कलई खुल जाएगी, उसके बाद गोविंद सिंह ने व्यापमं मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर की मूल प्रति भी मांग की है। कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने खुले तौर पर आरोप लगाया है कि शिवराज सरकार के 15 मंत्रियों के भ्रष्टाचार का ब्यौरा कांग्रेस के पास है। ज्ञात हो कि राज्य की सियासत में हनीट्रैप ने जमकर हलचल मचाई थी और इसकी आंच कई नेताओं तक पर आई थी, अब एक बार फिर सीडी का जिन्न बाहर आ रहा है। कमल नाथ ने भी इस बात का दावा किया है कि जब वह मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने यह सीडी देखी थी और जांच के लिए पुलिस अधिकारियों को दी थी। इसके अलावा दिग्विजय सिंह ने व्यापमं को लेकर जो शिकायत की है उसमें आरोप लगाया गया है कि व्यापमं घोटाले में भाजपा नेता, मंत्रियों, कार्यकर्ता भी शामिल हैं। दिग्विजय सिंह की शिकायत पर आठ साल बाद मामला दर्ज हुआ है।
भाजपा की ओर से कांग्रेस के आरोपों को हवा हवाई बताया जा रहा है। साथ ही संवैधानिक पदों पर काबिज नेताओं पर साक्ष्यों से खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा कांग्रेस नेताओं को खुली तौर पर चुनौती दे चुके हैं कि अगर उनके पास यह सीडी है तो वे उसे सामने लाएं। उनका कहना है कि गोविंद सिंह और कमल नाथ दोनों ही संवैधानिक पदों पर हैं और वह ऐसे मामलों के साक्ष्यों से खिलवाड़ कर रहे हैं जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन हैं।

# आयोग ने कहा- खराब बीज क्यों बांटा किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करो

**भोपाल यशभारत।** किसानों को गुणवत्ताहीन बीज वितरित करने वाले मध्य प्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम को अब नुकसान की भरपाई करनी होगी। यह फैसला राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया है। आयोग ने निगम को प्रति किसान एक लाख पांच हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला खरगोन का है जहां जून 2014 में निगम ने सोयाबीन का गुणवत्ताहीन बीज वितरित कर दिया था, जिसका शत-प्रतिशत अंकुरण नहीं हुआ था। इस वजह से पैदावर कम हुई थी। किसानों ने इसकी शिकायत किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप निदेशक से की थी लेकिन सुनवाई



नहीं हुई और बीज का दाम भी नहीं मिला। जिस पर किसानों ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत की तो आयोग ने किसानों को सही ठहराया था। जिसे निगम ने नहीं माना और राज्य उपभोक्ता फोरम के पास अपील कर दी थी, जहां भी आयोग ने निगम की ही कमी पाई है और निगम को कहा है कि संबंधित किसानों को नुकसान की भरवाई करने के आदेश दिए हैं। खरगोन के किसान की मौत के बाद उसके बेटे हितेंद्र रघुवंशी ने बीज निगम के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी। खरगोन जिले के करीब 10 किसानों के खिलाफ उपभोक्ता आयोग ने फैसला सुनाया है। दरअसल, खरगोन के किसान हितेंद्र रघुवंशी के पिता मनोहर ने निगम से 34 हजार 170 रुपये की राशि से जेएस-9560 किस्म के 5.10 क्विंटल सोयाबीन के बीज खरीदे थे। जब खेत में बीज बोया तो उसकी गुणवत्ता खराब होने के कारण अंकुरण ठीक से नहीं हुआ।

बीज निगम का तर्क-भारी बारिश से बीज का अंकुरण नहीं हुआ

बीज निगम ने तर्क रखा कि बीज अच्छी गुणवत्ता के थे। मप्र बीज प्रमाणन एजेंसी से प्रमाणित कराकर बीजों की बिक्री की जाती है।बीज बोने के दिन अत्यधिक वर्षा थी। मौसम विज्ञान विभाग ने बुवाई के दिन 22.9 मिमी वर्षा दर्ज की। इस प्रकार भारी बारिश के कारण बीजों का अंकुरण प्रभावित हुआ। बीज मिट्टी में अधिक गहराई में बोए गए थे और इस कारण ठीक से अंकुरित नहीं हो सके।बीजों का अंकुरण मौसम, पर्यावरण की स्थिति और कृषि भूमि की गुणवत्ता सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।आयोग ने इस तर्क को खारिज कर दिया और एक माह के अंदर किसान को 99,520 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। इसके अलावा सेवा में कमी के लिए छह हजार रुपये भी देना होगा।

# नए साल के शुरुआती आठ दिन में दस लाख के 41 वाहन चोरी

## भोपाल शहर के हर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाएं। कोहेफिजा और हनुमानगंज से ज्यादा वाहन चोरी।

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी में अभी नए साल को शुरू हुए सिर्फ आठ दिन गुजरे और शहर से 41 दो पहिया वाहन चोरी हो चुके हैं और उनकी कीमत 10 लाख से अधिक हैं।
जानकारी के मुताबिक नए और पुराने शहर में वाहन चोरी की लगातार वारदात हो रही हैं। कोई ऐसा थाना क्षेत्र नहीं है, जहां शातिर वाहन चोर वारदात नहीं कर रहे हैं। हालत यह है कि आपने अपने वाहन को दो मिनट के लिए वाहन को बिना ताला



लगाए छोडा कि शातिर बदमाश आपके वाहन पर हाथ साफ कर गायब हो जाते हैं। अभी आठ दिन में 41 वाहन चोरी हो चुके हैं। जिनकी कीमत करीब दस लाख से ज्यादा है। राजधानी में वाहन चोर सबसे अधिक वारदात हनुमानगंज, कोहेफिजा, कोतवाली, अशोका गार्डन, बैरागढ़ ,निशातपुरा हबीबगंज और छोला मंदिर में वाहन चोरी की दो-दो या उससे अधिक वारदात कर चुके हैं। जबकि वाहन चोरी अभी तक अयोध्या नगर, श्यामला हिल्स, टीटीनगर, बागसेवनिया , शाहजहांनाबाद, गोविंदपुरा, ऐशबाग में मिसरोद जहांगीराबाद से एक-एक वाहन चोरी हो चुके हैं। किसी वाहन चोरी के बारे में कोई खास सुराग अभी तक पुलिस नहीं तलाश पाई है।
वाहन चोरियां रोकने और चोरों को तलाशने का जिम्मा थानों के अलावा राजधानी की क्राइम ब्रांच का भी है। इसमें शहर के थानों से चुनिंदा पुलिसकर्मी तैनात है। थानों के पुलिस कर्मियों के पास चोरों की तलाश करने के अलावा रोजाना के अन्य अपराधों की विवेचना भी है, लेकिन क्राइम ब्रांच के पास इन बदमाश, चोरों की तलाश करने के अलावा कोई काम नहीं है। इसके बाद भी वाहन चोरी में लंबे समय से कोई खास खुलासा क्राइम ब्रांच नहीं कर पाई है। क्राइम ब्रांच की सुस्ती का फायदा बदमाश उठा रहे हैं। वह शहर से धड़ाधड़ वाहन चोरी कर रहे हैं।

> वाहन चोर और अन्य चोरियों की जांच में क्राइम ब्रांच की टीम लगी हुई है। जल्द की वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लेंगे।
>
> **- अमित कुमार, डीसीपी क्राइम ब्रांच**

## नगर निगम के अधिकारी की फर्जी आइडी बनाकर 79 लाख ठगे

**भोपाल ,यशभारत।** नगर निगम की दुकान दिलानें के नाम पर एक शातिर प्रापर्टी ब्रोकर ने ठेकेदार और उसके दोस्त से 79 लाख रुपये ठग लिए। भरोसा जमाने के लिए उसने नगर निगम के अधिकारी की फर्जी आइडी बनाकर अपने साथियों का परिचय नगर निगम के अधिकारी और बाबू के रूप में दिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में फरार पांच लोगों की तलाश की जा रही है। कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक कोटरा सुल्तानाबाद निवासी 31 वर्षीय आदिल जावेद ठेकेदारी करते हैं। वर्ष-2019 में वह किसी काम से अपने दोस्त इमरान के साथ चौकी इमामबाड़ा,अलीगंज स्थित नगर निगम के कार्यालय गए थे। वहां उन्हें अजीमउद्दीन नाम का व्यक्ति मिला। उसने आदिल और इमरान को बताया कि नगर निगम में उसकी अधिकारियों से अच्छी पहचान है। वह नगर निगम की मौके की दुकानें कम कीमत में उन्हें दिलवा सकता है। भरोसा जमाने के लिए उसने अपने साथियों को साथ भेजकर कुछ दुकानें दिखा भी दीं।

# नियमों के जाल में फंसे पांच हजार सफल अभ्यर्थी, बाहर होने की लटकी तलवार

**भोपाल,यशभारत। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग में 18 हजार 527 पदों पर भर्ती के लिए आनलाइन माध्यम से संयुक्त काउंसलिंग जारी है।**

इनमें करीब पांच हजार ऐसे पात्र अभ्यर्थी हैं, जो 21 वर्ष से कम आयु में मप्र प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (मप्र कर्मचारी चयन मंडल) द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020 में मेरिट में शामिल हुए हैं, लेकिन, मप्र स्कूल शिक्षा (शैक्षणिक संवर्ग) भर्ती नियम-2018 के अनुसार कम उम्र होने के कारण ये भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं। इन पात्र अभ्यर्थियों का कहना है कि शिक्षक भर्ती के काउंसलिंग पोर्टल पर निर्देशिका जारी हुई थी। इसमें आयु सीमा की गणना एक जनवरी 2022 से करने की बात कही गई थी। परीक्षा में आवेदन के समय 18 वर्ष की आयु मांगी गई थी। बाद में यह निर्देशिका हटा ली गई थी। अब कांउसलिंग में न्यूनतम आयु 21 वर्ष मांगी जा रही है। ऐसे में कई पात्र अभ्यर्थी बाहर हो जाएंगे। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कम उम्र के परिक्षार्थी जीवन भर के लिए पात्र हो गए हैं, वे न्यूनतम उम्र पार करते ही बिना परीक्षा दिए अगली काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं।राजगढ़ जिले के अभ्यर्थी शशांक तिवारी की जन्म तिथि आठ अप्रैल 2001 है। उन्होंने 2018 में 12वीं उत्तीर्ण की। 2020 में डीएलएड हुआ। पात्रता परीक्षा



2020 में 226 रैंक है। आयु सीमा की गणना की तारीख एक जनवरी 2022 रखी है। एक जनवरी तक उनकी उम्र 20 साल 9 महीने हो रही है। अभ्यर्थी शिवानी सिसोदिया को 368 रैंक मिली है। उनकी जन्म तिथि एक मार्च 2001 है। एक जनवरी की 2022 की सीमा में 21 वर्ष पूरे होने में तीन माह कम हो रहे हैं।

### - एक से लेकर 11 दिन से चूके

भोपाल के योगेश सिंह सिर्फ एक दिन से और यहीं की मोहिनी पटेल 11 दिन से 21 वर्ष पूर्ण न करने के चलते बाहर हो रहे हैं। इसी तरह बहुत से आवेदक 15 दिन से तो कई छात्र एक से चार माह से बाहर हो रहे हैं। इन सभी आवेदकों के नाम अच्छे अंकों के साथ मेरिट सूची में भी आ गए है, लेकिन आयु गणना के कारण यह बाहर हो रहे हैं।

### - नियमावली में किया गया बदलाव

पीईबी की अपडेट नियमावली में न्यूनतम आयु की शर्त बदली गई है। प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020 के लिए दो बार आवेदन बुलाए गए। पहली बार 6 जनवरी 2020 से 20 जनवरी 2020 तक और दूसरी बार 14 दिसंबर से 28 दिसंबर तक 2021 तक हुए। इस दौरान न्यूनतम आयु 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष पूरी करने वाले उम्मीदवारों से आवेदन बुलाए गए। साथ ही यह स्पष्ट भी किया गया कि आयु सीमा केवल प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए मान्य होगी। ऐसे में जिनकी उम्र 21 वर्ष पूरी नहीं थी वे भी पात्रता परीक्षा में शामिल हो गए और अच्छी रैंक हासिल कर ली लेकिन अब काउंसलिंग में फंस गए हैं।

### - सामान्य प्रशासन विभाग का नियम

स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती नियम 2018 के हैं। चार जुलाई 2019 को राज्य शासन की सेवाओं में सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में संशोधन किए जाने के संबंध में सामान्य प्रशासन मंत्रालय की ओर से सभी विभागों आदेश जारी किया।

# भोपाल में करणी सेना की हुंकार

# जीवन सिंह शेरपुर सहित 5 कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर बैठे

**भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार सुबह से शुरू हुआ करणी सेना का आंदोलन रात में भी जारी है। आर्थिक आधार पर आरक्षण समेत 21 मांगों को लेकर भेल जंबूरी मैदान पर आंदोलनकारी मैदान पर डटे हैं। वहीं, करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर सहित 5 कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।**

शेरपुर ने ऐलान किया है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती यह आंदोलन जारी रहेगा।करणी सेना के पदाधिकारियों का कहना है कि हमारा आंदोलन दिल्ली के किसान आंदोलन की तरह ही तब तक जारी रहेगा जब तक कि सरकार हमारी मांगे मान नहीं लेती। करणी सेना के कार्यकर्ता ट्रकों और अन्य वाहनों में राशन पानी लेकर भी आए हैं। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह आंदोलन लंबे समय तक



चल सकता है। शनिवार शाम से भोपाल पहुंचे करणी सेना के कई कार्यकर्ता रविवार शाम होते होते अपने घर लौट गए, लेकिन हजारों लोग अभी भी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। करणी सैनिकों ने जीवन सिंह शेरपुर के समर्थन में मोबाइल टॉर्च की रोशनी जलाकर धरना प्रदर्शन को समर्थन दिया।

### नारों से गूंजा जंबूरी मैदान

राजधानी भोपाल स्थित बेल के जंबूरी मैदान में रविवार रात च्मध्यप्रदेश का एक ही किंग जीवनज् के नारे सुनाई दिए। लोगों ने नारेबाजी करके शेरपुर का समर्थन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता च्माई के लालज् और च्जय भवानीज् के नारे लगाते नजर आए। करणी सेना के प्रमुख जीवन जीवन सिंह शेरपुर ने आंदोलन में आए हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारे आंदोलन में किसी प्रकार की हिंसा तोड़फोड़ और उद्दंडता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आंदोलन लगातार जारी रहेगा। ा न

### विधानसभा घेराव टाला

करणी सेना ने सरकार को अल्टीमेटम दिया था कि अगर शाम 4ः00 बजे तक उनकी मांगे नहीं मानी गई तो विधानसभा का घेराव करेंगे। इस बीच प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा होने के बाद घेराव आगामी कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया।

### तो लढ़ेंगे चुनाव...

भोपाल में हो रहे आंदोलन में मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसग?, दिल्ली से भी करणी सेना के कार्यकर्ता पहुंचे हैं। जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानी तो हम राजनीति में उतरकर भाजपा को हराएंगे। उन्होंने कहा कि सवर्णों, पिछ?ा वर्ग का साथ भी हमें मिल रहा है।

### शुरू हुई राजनीति, कमल नाथ ने शिवराज को घेरा

पूर्व मुख्यमंत्री और मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट करके मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि भोपाल के जंबूरी मैदान में देश प्रदेश के हजारों युवा व्यवस्था में सुधार को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार द्वारा कार्यक्रम की अनुमति को रद्द कराना, परिवहन व्यवस्था में बाधा डालना और युवाओं के दबाब में पुनः अनुमति देना, पूरे आंदोलन को बाधित करने और लोकतांत्रिक प्रणाली में शिवराज सरकार के विश्वास न होने को दर्शाता है।

# विकास के मामलों में राजनीति ठीक नहीं है :नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल, यशभारत।** इंदौर में हो रहे प्रवासी भारतीय सम्मेलन को लेकर शहर को सुंदर बनाने के लिए सूखी घास को अलग-अलग रंग में रंगा गया है। एक जगह पर पीला, केसरिया और सफेद रंग एक साथ दिखाई दे रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर इसका वीडियो सामने आने के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाइएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाइएस जगनमोहन रेड्डी ने ट्वीट कर कहा है कि इस तरह से तिरंगा बनाना ठीक नहीं है। इस पर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि उन्हें इस तरह के ट्वीट की जानकारी नहीं है, लेकिन देश के विकास के मुद्दे पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब इंदौर में 64 देशों के प्रवासी भारतीय आए हुए हैं तो ऐसे दौर में देश की छवि को धूमिल करने वाली कोई बात अच्छी नहीं है।



# ठंड में कांपते गरीबों के लिए मसीहा बनी जीआरपी

## स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के साथ दर्जनों गरीबों को बांटे कंबल



**जबलपुर यश भारत।** सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके। ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े । बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कांपते रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कम्बल आदि का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं इसी तारतम्य में गाडरवारा जीआरपी थाना प्रभारी राजेश राज द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर गरीबों को कंबल बांटे गए उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल के गाडरवारा जीआरपी में रेल पुलिस स्थापना दिवस 156 वा पूरे मध्यप्रदेश में जीआरपी द्वारा मनाया गया इस अवसर पर वर्ष के प्रथम सप्ताह रेल सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाना निर्धारित किया गया है जिस के तत्वधान में जीआरपी थाना गाडावारा मै चिकित्सा शिविर का आयोजन थाना गाडरवारा क्षेत्र अधिकार नरसिंहपुर व पिपरिया में आयोजित किया गया जिसमें रेलवे डॉक्टर आर आर कुर्रे जी द्वारा जीआरपी व आरपीएफ स्टॉप कुली वेंडर रेलवे कर्मचारी व आने जाने वाले यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरण की गई शिविर में थाना प्रभारी गाडावारा राजेश राज आरपीएफ पोस्ट प्रभारी बी पी मेहरा वह स्टेशन प्रबंधक पी के स्वामी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 45 दिन में की 900 किलोमीटर पदयात्रा का समापन कटंगी में



## कांग्रेसजनों ने किया एकजुटता का आव्हान

**कटंगी , यशभारत।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के समर्थन में पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी द्वारा भी विधानसभा स्तरीय पदयात्रा की, जिसमें 45 दिन में विधानसभा क्षेत्र में लगभग 900 किलोमीटर की पदयात्रा का समापन कटंगी नगर में हुआ। पदयात्रा समापन पर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सुनील जैन ने कहा कि पदयात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है, इससे लोग जुड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव में पदयात्रा का सकारात्म प्रभाव देखने को मिलेगी। कांग्रेस की जीत होगी। सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी सीपी मित्तल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राधे श्याम चौबे, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, सह प्रभारी विभाष जैन, छिंदवाड़ा से आए विधायक सुनील उईके, नीलेश उइके, सुजीत चौधरी, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम आहके, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जबलपुर से विधायक विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री कोशल्या गोटिया, पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया सहित अन्य नेताओं द्वारा उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर नीलेश अवस्थी ने कहा कि 2023 में कमलनाथ के नेतृत्व में पुनः प्रदेश में सरकार बनेगी। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा से हुआ। यात्रा में पाटन विधानसभा क्षेत्र के ठाकुर विक्रम सिंह, संजय गुरु, उदय यादव, नेक नारायण सिंह, ब्रजभान यादव, रत्नेश अवस्थी, मनोज तिवारी बल्ला, दिलीप राजपूत, जयंत जैन, संतोष मांझी, दिन्नू जैन, राम विनय करसोलिया, शैलेश अवस्थी, लल्ली सोनी, अभिषेक शुक्ला, शिवराम पटैल, राजकिशोर पटेल, राजेश मिश्रा, संजय यादव, प्रदीप पटेल, जितेन्द्र पटेल, वीरेन्द्र यादव, देवेन्द्र यादव, छोटू यादव, अशुंल यादव, दिलराज यादव, शक्ति यादव, अश्वनी पटेल, राकेश यादव, हर्षित पांडे, अशोक पुरी, घनश्याम दुबे, आशीष वैद्य, संदीप सिंघई, कटंगी जयंत जैन, रामू सोनी, जगदीश सोनी, ललित सोनी, दिनेश जैन, मलिक यादव, देवेश चौरसिया, मकसूद खान, शाहिद खान डॉ जहीर खान पौंडा गजेन्द्र खम्परिया, प्रदीप पटेल, रवि पटेल, बुदमानंद पटैल, अशोक मिश्रा, वीरू शुक्ला, डॉ बाबूलाल महेन्द्र उपाध्याय, धर्मेश यादव, जगदीश पिंटू शुक्ला सहित हजारों कार्यकर्ता एवं महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस सहित कांग्रेस प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सांसद खेल महोत्सव पर मैराथन मशाल रैली



**जबलपुर, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर सांसद राकेश सिंह के नेतृत्व में सांसद खेल महोत्सव मैराथन मशाल रैली बरगी विधान सभा क्षेत्र में अंधमुख वायपास से प्रारंभ कर भेड़ाघाट मंडल, तिलवारा मंडल , वरगी मंडल, चरगवा मंडल से शहपुरा मंडल में समापन हुआ ! जिसमे मसाल रैली का हर एक मण्डल में भव्य स्वागत हुआ आप सभी भाजपा के पधाधिकारियों एवं मंडल के अध्यक्ष,महामंत्रियों उपाध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ताओं को राकेश पटेल (यात्रा के प्रभारी) आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक भाजपा जिला ग्रामीण द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# सफलता के बाद हैप्पी न्यू ईयर मेला अब 10 जनवरी तक चलेगा



**जबलपुर यश भारत।** जनता की विशेष फरमाइशें के बाद मेले की अपार सफलता को देखते हुए को देखते हुए 10 जनवरी तक 2 दिन के लिए बढ़ाया गया द्य फोटोजर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा हैप्पी मेले का आयोजन इस वर्ष भी आपके शहर गोल बाजार शहीद स्मारक में नए वर्ष के अवसर पर लोगों ने सपरिवार आकर मनोरंजन का बहुत लुत्फ उठाया जिसमें आकर्षक झूले ब्रेक डांस हवाई झूला ड्रैगन कास्टर कास्टर सिलरैंबो चेरोप्लेन सुपर डुपर कैटरपिलर एवं बच्चों के अनेक झूले एडवेंचर स्पोर्ट्स मुख्य आकर्षण का केंद्र है साथ ही स्वादिष्ट भोजन में मालवा का प्रसिद्ध व्यंजन उज्जैन की मटका कुल्फी साउथ इंडियन डिश तथा भारत के विभिन्न स्थानों से आए घरेलू उपयोगी वस्तु तथा कलात्मक लकड़ी से निर्मित खिलौने एवं सज्जा का सामान आपकी खरीदी के लिए उपलब्ध है यह मेला आपके लिए 10 जनवरी तक उपलब्ध रहेगा।

# श्रमजीवी पत्रकार संगठन का नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न



जबलपुर। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संगठन का नव वर्ष मिलन समारोह 8 जनवरी 2023 रविवार को सर्किट हाउस क्रमांक 2 में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में ना सिर्फ स्थानीय पत्रकार बल्कि जबलपुर संभाग के विभिन्न अंचलों से भी पत्रकार साथी सम्मिलित हुए। इस दौरान पत्रकारों द्वारा मौजूदा परिस्थितियों, पत्रकारों की दशा, अन्य समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पत्रकारों के खिलाफ उत्पीड़न समेत अन्य बिंदुओं पर विचार मंथन किया गया। साथ ही यह तय किया गया कि इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जल्द ही जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी बल्कि मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री व संबंधित विभागीय मंत्रियों से भी चर्चा कर निराकारण के प्रयास किए जाएंगे।

# शहर विकास के लिए मां रेवा तट पर होगा सुंदरकांड



## दिव्य सभा में युवा संत जानेंगे श्रद्धालुओं के मन की बात, करेंगे समाधान

**जबलपुर, यशभारत।** लोगों के मन की बात जानकर समाधान करने वाले शहर के वात्सल्य सेवा धाम के युवा संत और उनके शिष्य मण्डल द्वारा मंगलवार 10 जनवरी को ग्वारीघाट स्थित उमा घाट पर संगीतमय सुंदरकांड महोत्सव का अनूठा आयोजन होने जा रहा है। महोत्सव में महाकोशल अंचल के संत समागम के साथ ही मां रेवा तट पर पहली बार रिवर लाइट शो, आकर्षक विद्युत साज-सज्जा और विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है । प्रकृति के संरक्षण संवर्धन के लिए अलग से आयोग की स्थापना किए जाने, जबलपुर में एम्स की ब्रांच, इंजीनियरिंग कॉलेज में एनआईटी और आईटी पार्क में इंटरनेशनल कंपनियों को स्थापित करने जैसी विभिन्न विकासात्मक परिकल्पनाओं को साकार करने के उद्देश्य से वात्सल्य सेवा धाम द्वारा 108 सुंदरकांड महोत्सव की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।108 श्रंखला के अंतर्गत रेवा तट पर यह चतुर्थ धार्मिक आयोजन है। रेवा तट पर सुन्दरकाण्ड महोत्सव के दौरान श्रद्धालु गण पहली बार रिवर लाईट शो देख सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए यह खास आकर्षण का केंद्र होगा। इस शो की खासियत यह है कि माँ रेवा की लहरें हर पल रंग बदलती न?र आएंगी। साथ ही घाट पर एलईडी लगाई जाएंगी।शहर के ख्यातिलब्ध श्याम बैंड पार्टी की आकर्षक बैंड धुनों के साथ माँ नर्मदा की आरती की जाएगी। उसके बाद संगीतमयी सुंदरकांड महोत्सव की शुरुआत होगी ।

# किसानों को कृषि विभाग ने दी फसलों को पाला से बचाने की सलाह

**पाटन, यशभारत।** अधिक सर्दी से फसलों की उत्पादकता पर विपरित असर पड़ता है और परिणामस्वरूप कम उत्पादन प्राप्त होता है। आने वाले समय में जाड़े का प्रकोप और बढ़ने वाला है। इसका असर दिखने भी लगा है। दिन-प्रतिदिन तापमान में कमी आ रही है। इसका प्रभाव फसलों पर पड़ता है। इसलिए सर्दी के मौसम में फसलों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है।

शीतलहर व पाले से फसलों की उत्पादकता पर सीधा विपरित प्रभाव पड़ता है। फसलों में फूल और फल आने या उनके विकसित होते समय पाला पड़ने की सबसे ज्यादा संभावनाएं रहती हैं। पाला पड़ने के दौरान अगर फसल की देखभाल नहीं की जाए तो उस पर आने वाले फल या फूल झड़ सकते हैं। पाले की वजह से अधिकतर पौधों के फूलों के गिरने से पैदावार में कमी हो जाती है। उन्होंने कहा कि मटर, चना, अलसी, सरसों, आदि फसलों पर पाला पड़ने के दिन में ज्यादा नुकसान की आशंका रहती है। जबकि अरहर, गन्ना, गेहूं व जौ पर पाले का असर कम दिखाई देता है। किसानों को सलाह है कि पाला पड़ने की संभावना वाले दिनों में मिट्टी की गुड़ाई या जुताई नहीं करनी चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से मिट्टी का तापमान कम हो जाता है। चूंकि सल्फर (गंधक) से पौधे में गर्मी बनती है अतः 6-8 किलोग्राम सल्फर डस्ट प्रति एकड़ के हिसाब से डाल सकते हैं या घुलनशील सल्फर 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर फसल पर छिड़काव करने से पाले के असर को कम किया जा सकता है। थोयोयूरिया 1 ग्राम आधा लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर सकते हैं और 15 दिनों के बाद छिड़काव को दोहराना चाहिए।अनुविभागी कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने. बताया की दीर्घकालीन उपाय के रूप में फसलों को बचाने के लिए खेत की मेड़ों पर वायु अवरोधक पेड़ जैसे शीशम, बबूल और जामुन आदि लगा देने चाहिए। इससे पाले और शीतलहर से फसल का बचाव होता है। सल्फर पौधों में रोगरोधिता बढ़ाने और फसल को जल्दी पकाने में भी सहायक होता है। सरसों, गेहूं, चावल, आलू और मटर जैसी फसलों को पाले से बचाने के लिए सल्फर (गंधक) का छिड़काव करने से रासायनिक सक्रियता बढ़ जाती है और पाले से बचाव के अलावा पौधे को सल्फर तत्व भी मिल जाता है। पाला पड़ने की संभावना को देखते हुए जरूरत के हिसाब से खेत में हल्की-हल्की सिंचाई करते रहना चाहिए। साथ ही संभव हो तो मेढों पर धुआं किया जाये। इससे मिट्टी का तापमान कम नहीं होता है।

## कुंडम ग्रामीण क्षेत्र के छात्रावासों में छात्राओं को नहीं मिल रही सुविधाएं जिससे ग्रामीण आदिवासियों मैं आक्रोश देखा जा रहा है

**कुंडम, यशभारत।** ग्रामीण आदिवासी कुंडम क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बहुत ही गिरा हुआ है क्लासों में शिक्षक शिक्षिकाओं का अभाव रहता है वहीं छात्र छात्राओं को कोई देखने वाला नहीं है दूरदराज के ग्रामों से गरीब माता-पिता आदिवासी अपने बेटा बेटियों को पढ़ाने के लिए कुंडम भेजते हैं जहां पर उनकी देख रेख पर प्रश्नचिन्ह उठता है सीनियर आदिवासी छात्रावास कुंडम में खाना बनाने वाली बाई यों के भरोसे चल रहा है हॉस्टल वार्डन अपने घर में मौज मस्ती करती हैं और आदिवासी छात्राओं के भजनों में डाका डाला जा रहा है ना खाने में गुणवत्ता और ना देख रेक करने वाला कोई वार्डन स्कूलों में भी शिक्षकों का अभाव नाम के लिए रह रहे हैं गरीब आदिवासियों के बेटा बेटियां आदिम जाति कल्याण विभाग से संचालित सीनियर कन्या छात्रावास वार्डन जबलपुर में रहकर हॉस्टल चला रही हैं इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी आवास छात्रावास कुंवरहट मैं अव्यवस्थाओं का अंबार है जहां पर मध्य प्रदेश शासन के करोड़ों रुपए की होली खेली जा रही हैं

# दिल्ली को हराकर फाइनल में पहुंची नागपुर , एमएच से मुकाबला

**मझौली यशभारत।** श्री विष्णु वराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला करते हुए दिल्ली की टीम ने ऐसे सही साबित करते हुए नागपुर की टीम को 135 रनों पर रोक दिया। नागपुर की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए बालकृष्ण ने शानदार अर्धशतक 50 रन बनाकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वही दिल्ली के देव ने 4 विकेट लिए। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गवाते हुए इस रोमांचक मुकाबले को 1 रन से गंवा दिया। रमन ने दिल्ली की तरफ से संघर्ष करते हुए 39 रन बनाए पर जीत नहीं दिला सके। बालकृष्ण को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथि गामा सोनकर शकील भाई जान गिरीश पालीवाल राजेंद्र चौरसिया रत्नेश सोनी द्वारा दिया गया। मैच के अंपायर राहुल जैन संजय पटेल कॉमेंटेटर अनुराग दुबे अब्दुल खान पुनीत सेट्टी आशीष तिवारी राममिलन राजपूत स्कोरर रामराज राजपूत चंदन



# सांसद खेल महोत्सव :मझौली विजेता

मझौली,यश भारत। सांसद खेल महोत्सव मझौली के नंदग्राम में मझौली और ढीरहा उमरिया के बीच मैच खेला गया जिसमे मझौली ने फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज की है ।।उमरिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन का टारगेट दिया जिसमें मझौली टीम ने पीछा करते हुए 14 ओवर 5 गेंदों पर 78 रन बना कर मैच को जीत लिया । मैच 16 द्व16 ओवर का मैच था। मैच का आनंद लेने के लिए भारी संख्या में ग्रामीणों ओर दर्शकों का जमावड़ा रहा और रोमांचक मुकाबले को उत्साह के साथ देखा गया आज की मैच की मुख्य अतिथि उपस्थित सदस्य जिले के महामंत्री राजेश राय ,मंडल के प्रभारी भरत सिंह परिहार , जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ,जनपद उपाध्यक्ष रमेश झारिया , राम सुजान झारिया , मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन ,मंडल महामंत्री रविंद्र पाठक ,सुरेश पटेल , कृष्ण कुमार पटेल ,रविंद्र पटेल , लाला सोनी , बबलू पटेल, मोनू पटेल ,श्रीकांत अग्रवाल , एवं समस्त ग्रामों से आए हुए ग्रामवासी उपस्थित हुए।।



# नागपुर ने आसानी से जीता मैच जवाली जबलपुर को हराया 7 विकेट से

कुंडम, यशभारत। सनी स्पोटिंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 32 मी लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियो गिता का अंतिम लीग मैच जाबालि क्रिकेट क्लब जबलपुर एवं नागपुर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 106 रन ही बना पाई जिसमें जबलपुर के बल्लेबाज बंटी 32 रन धर्मेंद्र 20 शैंकी 19 रन प्रियांश 7 रन राजगीर 5 रन अतिशय ने 5 रन बनाए इस तरह 7 विकेट खोकर 106 रन बनाए जवाबी पारी खेलने उतरी नागपुर की टीम के ओपनर बल्लेबाज अखिलेश ने धुआंधार 44 रन शौर्या 22 रन सर बिल 12 आलोक 14 रन के साथ नागपुर ने 11वीं ओवर में 108 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया नागपुर के गेंदबाज सर बिलतीन विकेट आदित्य ने दो स्वयं और अखिलेश ने एक-एक विकेट लिया जबकि जबलपुर के गेंदबाज बंटी 2 विकेट इंजमाम 1 विकेट लिया इसके पहले आज इस मैच के मुख्य अतिथि एडवोकेट उमेश जोगी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय लिया खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया गांव लेवल में नागपुर कानपुर मुंबई जैसे महानगरों की टीम आ रही है इसके लिए आयोजक कमेटी को बधाई दिया ।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय अब ऑनलाइन गेमिंग की नोडल एजेंसी बना -

**मुंबई , एजेंसी।** एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एवं कॉमिक (एवीजीसी) उद्योग, जिसमें लोकप्रिय ऑनलाइन गेमिंग श्रेणी शामिल है, भारत का उभरता हुआ सनराइज क्षेत्र है। इस क्षेत्र में अब तक 2.5 बिलियन अमरीकी डालर का विदेशी निवेश हो चुका है। यही नहीं, इस उद्योग ने देश भर में 1,00,000 से अधिक लोगों को रोजगार दिया है और इसका अनुमानित मूल्य 20 बिलियन अमरीकी डालर है। यह देश के मौजूदा आकर्षक स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

जब से भारत में ऑनलाइन गेमिंग एक उद्योग के रूप में बढ़ना शुरू हुआ, तब से इस क्षेत्र पर नियामक दबाव लगातार बना हुआ है। इस क्षेत्र पर तेजी से पड़ने वाले इस दबाव के मद्देनजर इसकी बारीकियों और अर्थव्यवस्था पर इसके सकारात्मक प्रभाव को प्रायः नजरंदाज किया गया है। भले ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कौशल के खेल और किस्मत के खेल के बीच समय - समय पर अंतर स्थापित किया है, और मान्यता प्राप्त प्लेटफार्मों को वैध व्यवसाय के रूप में कौशल-आधारित गेम की सुविधा प्रदान की है, लेकिन ऐसे कई राज्य हैं जिन्होंने इसे सट्टेबाजी या जुआ से इसकी तुलना करते हुए ऑनलाइन गेमिंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया है।

# सिलावट समाज का विशाल समागम सम्पन्न

**गोटेगांव, यशभारत।** , नरसिंहपुर जिले की पावन धरा श्रीधाम गोटेगांव मैं स्थित नया बाजार मैदान में सिलावट समाज का विशाल सम्मेलन समागम संपन्न हुआ। जिसमें नरसिंहपुर जिले के अधिकांश स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित किया गया और बड़े हर्ष और उत्साह के साथ स्वजातीय बन्धुओं ने इस विशाल सम्मेलन में अपनी सहभागिता दी।

## वरिष्ठ समाजसेवकों का किया गया सम्मान

इस कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले से एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए आमंत्रित वरिष्ठ सामाजिक बंधुओं का साल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## चुने गए पूर्व एवं वर्तमान जन प्रतिनिधि भी हुए शामिल

सिलावट समाज के सम्मेलन में पार्षद पूर्व पार्षद के साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों के पूर्व सरपंच पंच एवं वर्तमान पंच और सरपंच जनपद सदस्य जिला जनपद सदस्य पार्षद गण एवं अन्य पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

## उच्च अंक लेकर आई प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

विगत वर्ष वार्षिक परीक्षा में माध्यमिक एवं हाई स्कूल परीक्षाओं में



उच्चतम अंक लेकर आई हुई मेधावी विद्यार्थियों और प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया तथा समाज में छिपी प्रतिभाओं को भी आगे अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण होने का आवाहन भी किया गया ।

## अन्य स्थान पर भी इसी तरह के आयोजन का लिया संकल्प

आज के सफल आयोजन के उपरांत सिलावट समाज द्वारा इसी तरह के अन्य स्थानों पर भी नरसिंहपुर करेली गाडरवारा बोहानी इत्यादि स्थानों पर भी समय-समय पर आयोजन करने का भी संकल्प लिया गया इस कार्यक्रम में बाहर से आए हुए सभी आगंतुक एवं आमंत्रित सामाजिक बंधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।सिलावट समाज के इस आयोजन में आयोजक गौरीशंकर सिलावट जिला अध्यक्ष सिलावट समाज विकास मंच एवं मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष टॉवल सिलावट के साथ विशिष्ट अतिथि राजाराम कस्तवार, संतोष दौहैया,जिंतेंद्र चाँदोरिया, उमाशंकर छिरा,बैजनाथ दौहैया,पूर्व पार्षद दीनू छिरा,अजय बझैया,बिहारी चाँदोरिया,बुधराज़ विंडवार,सुरेंद्र नारायण पिपरोलिया सिमरिया,परम ठेकेदार,राजेंद्र छिरा,संजू चौहान,धरम बझैया,दौलत राजोरिया,रेवाराम असैया, झाऊँ लाल,रविशंकर राज़,सरमन, कमलकांत, सविता राज़,पिपरिया,पार्वती सिलावट,सुनीता दौहैया,कलावती छिरा,शिवलाल बरसैयां,महेंद्र मोती,दिनेश परसवार,जीवन लाल छिरा,रोशन लाल,रवि विरतिया, राजाराम विंडवार,राकेश बझैया,कान्हा छिरा,छोटू छिरा,मयंक छिरा,सौरभ, शुभम,बहादुर विंडवार,सतीश परसवार, सुशील,मोहन जितेंद्र, शंकर,राजकुमार,देवराज,प्रवीण पड़रहा,अभिषेक,संजय चाँदोरिया,सहित प्रदेश और जिलों के स्वजातीय बन्धु और पदाधिकारी गण व सभी स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व पार्षद जितेंद्र चाँदोरिया द्वारा किया गया।आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सिलावट संघ जिला नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष गौरी शंकर सिलावट द्वारा किया गया।

# इंटक यूनियन की बैठक संपन्न

पनागर, यशभारत।एस. क्यू. ए. ई. (ए.) कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया जबलपुर की बैठक दिनांक 07/01/23 दिन- शनिवार को रखी गई जिसमें सर्वसम्मति से चुनाव कर निर्णय लिया गया कि यूनियन के उपाध्यक्ष हेतु श्री अनिल धनधारिया एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री राहुल गुप्ता तथा जे सी एम-4 सदस्य श्री रमन मिश्रा एवं श्री सुमित साहू को नामित किया गया यूनियन के संरक्षक अरुण दुबे ने सभी को शुभकामनाऐं प्रेषित की तथा यूनियन के अध्यक्ष राजेश दुबे एवं महामंत्री राजकुमार चौधरी ने कहा कि हमें कर्मचारियों के हित में पूरी ताकत के साथ प्रशासन से समस्याओं का निदान कराना है, सभा मे उपस्थित इंटक यूनियन के योगेन्द्र सिंह, ललित मोहन, दुर्गा प्रसाद रजक, विजय रजक, राजेन्द्र स्वामी, असित सरकार,सुनील निनोरिया, आशीष पासी, गोपाल दत्त लड़िया, मनीष चौबे, रिंटू अधिकारी, प्रेम कुमार, रूपेश मिश्रा, अंकित कुशवाहा,हिन्छलाल वर्मा, मदन कुमार, प्रभात मिश्रा, राहुल गुप्ता, रजनीकांत तिवारी, मुकेश भूआर्य, नरेंद्र तिवारी, अश्विनी प्रसाद, राहुल खरे, रोहित गौतम, मेघराज मीणा, तापस सेन, हिमांशु भोंडेले, इत्यादि ने शुभकामनाएं दी।





# एक हाथ में बच्चा, दूसरे से पकड़ा कैच

## देखते रह गए फील्डर्स, दुनिया कर रही वाहवाही

**वेलिंग्टन,एजेंसी। भले ही रॉस टेलर ने अपनी अगुवाई में छक्का मारकर सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट को ऑकलैंड के खिलाफ जीत दिलाई हो, लेकिन महफिल तो भीड़ में खड़े उस आदमी ने लूट ली, जिसने एक हाथ में बच्चा पकड़ने के बावजूद दूसरे हाथ से जोरदार कैच लपका। सुपर स्मैश एक्शन में यह घटना बीते गुरुवार की है, जिसका वीडियो अब तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।**

हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने वाले टेलर ने चार छक्के की मदद से ताबड़तोड़ 50 रन ठोके, इन्हीं छक्के में से किसी एक को भीड़ में कैच किया गया, जिसकी कहानी आज यहां हम बता रहे हैं। तेज-तर्रार शॉट को दोनों हाथों से लपकना बड़ी चुनौती होती है, लेकिन एक हाथ में नन्हा बच्चा संभालने के बाद संतुलन बनाना, कैच जज करना और फिर सिर्फ एक हाथ से उसे लपक भी लेना, वाकई एक मुश्किल काम है। दिलचस्प बात तो ये है किमैच के बाद पता चला कि कैच पकड़ने वाले के पास क्रिकेट का लंबा-चौड़ा अनुभव था क्योंकि वह तारानाकी की प्रांतीय टीम के पूर्व कप्तान रयान फ्लेमिंग थे, जो अपने चार साल के बेटे के साथ खेल देख रहे थे। जब यह शॉट लगा तब टेलर 13 रन पर खेल रहे थे। पारी की धीमी शुरुआत को तेजी में तब्दील करने के लिए उन्होंने अपना सिग्नेचर शॉट निकाला।वाकई में, जब आप इस कैच को लपकते देखेंगे तो पाएंगे कि उस च्अनजान दर्शकज्ने काम इतनी आसानी से अंजाम दिया कि गोद में बैठे बच्चे को पता ही नहीं चला। स्पार्क स्पोर्ट के कमेंटेटर केटी मार्टिन भी खुद को तारीफ करने से रोक नहीं पाए। टेलर 50 रन पर आउट हुए, उनकी पारी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट को चार विकेट की जीत दिलाने के लिए काफी थी। लीग स्टैंडिंग के टॉप पर वेलिंगटन के साथ अंकों के बराबर स्थान था।

# जोर से चिल्लाया और बैट लेकर दौड़ा... सुधर ही नहीं रहे शाकिब-अल-हसन, फिर अंपायर से भिड़ गए

**नई दिल्ली,एजेंसी। शाकिब-अल-हसन बांग्लादेश क्रिकेट के सबसे बड़े स्टार हैं और शायद यही स्टारडम उनके सिर चढ़ चुका है। दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार शाकिब ने एकबार फिर साबित कर दिया कि क्यों उन्हें दुनिया का सबसे बदतमीज क्रिकेटर कहा जाता है।**



इस प्लेयर का अपने गुस्से पर कोई कंट्रोल नहीं है। ताजा मामला बांग्लादेश प्रीमियर लीग यानी ब्क्क्रमें हुआ, जहां वह अंपायर पर बुरी तरह भड़क गए। बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान हैं शाकिब बीपीएल में फॉर्च्यून बरीशाल की ओर से खेलते हैं। 16वें ओवर में वह 22 गेंद में 39 रन बनाकर खेल रहे थे। चौथी बॉल उनके सिर के काफी ऊपर से निकली। नियमों के मुताबिक यह वाइड बॉल होनी थी, लेकिन अंपायर ने इसे फेयर डिलिवरी करार दिया, ये देखते ही शाकिब स्क्वायर लेग अंपायर पर बुरी तरह चिल्ला उठे। गुस्से में बैट लेकर तेजी से अंपायर की ओर गए।

35 वर्षीय ऑलराउंडर को अंपायर ने समझाने की कोशिश की, लेकिन चेहरा साफ बता रहा था कि बांग्लादेशी स्टार खुश नहीं हैं। वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है, जब शाकिब-अल-हसन ने इस तरह जेंटलमेंस गेम को शर्मसार किया हो, इससे पहले वह 2021 में ढाका प्रीमियर लीग में स्टंप को लात मार चुके हैं। अंपायर्स से बहस करने के बाद स्टंप उखाड़कर जमीन पर पटक चुके हैं। शाकिब ने तब अपने बर्ताव के लिए माफी भी मांगी थी।



शाकिब का बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से भी पंगा होते रहता है। उन्होंने बीपीएल की मार्केटिंग में विफल रहने के लिए अपने देश के क्रिकेट बोर्ड की तीखी आलोचना की थी। शाकिब ने संवाददाताओं से कहा था कि, च्अगर उन्हें बीपीएल का सीईओ बना दिया गया, तो सब कुछ ठीक करने में एक या दो महीने लगेंगे। आपने नायक फिल्म देखी है? अगर आप कुछ करना चाहते हैं, तो आप इसे एक दिन में कर सकते हैं।

# जो कभी खुद सलेक्ट नहीं हुआ, अब वह चुनेगा इंडियन टीम, कितनी मजबूत है नई सिलेक्शन कमिटी?

**नई दिल्ली,ईएमएस।** भारतीय क्रिकेट टीम में एंट्री का एक प्रोसेस है। 5 मेंबर्स वाली सीनियर चयन समिति किसी भी दौरे, छोटी-मोटी सीरीज या आईसीसी इवेंट्स के लिए टीम चुनती है। बीसीसीआई ने शनिवार शाम नई चयन समिति का ऐलान किया। चेतन शर्मा को दोबारा चेयरमैन बनाया गया है, जिन्हें टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद हटा दिया गया था। पांच पदों के लिए आए लगभग उम्मीदवारों में से 11 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया था, जिसके बाद नई सिलेक्शन कमिटी बनी। नई कमिटी में अध्यक्ष चेतन शर्मा के अलावा, पूर्व बल्लेबाज शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, एस शरत और पूर्व तेज गेंदबाज सलील अंकोला शामिल हैं।

## एस. शरत ने कोई मैच नहीं खेला

चेतन की नई टीम में पूरी तरह से नए चेहरे हैं, जिसमें साउथ जोन के चयनकर्ताओं के जूनियर अध्यक्ष एस. शरत को प्रमोशन मिला है। तमिलनाडु के पूर्व कप्तान शरत इस पैनल में इकलौते ऐसे खिलाड़ी है, जिन्होंने भारत के लिए नहीं खेला है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाया है। 1992-2008 के बीच उन्होंने 139 प्रथम श्रेणी मैच और 116 लिस्ट ए मैच खेले हैं। वह तमिलनाडु की ओर से 100 रणजी मैच खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर भी हैं। संन्यास के बाद उन्होंने जूनियर क्रिकेटर्स पर काम किया। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, 'शरत प्रतिभा परखने के मामले में शानदार है। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट को करीब से देखा है। जूनियर खिलाड़ियों के कौशल के बारे में उनकी समझ अच्छी है।



# बॉलीवुड वाले मुझे मोटी, मनहूस कहते थे

## शिल्पा शिरोडकर का 23 साल बाद छलका दर्द, सुनाई आपबीती

**मुंबई, एजेंसी।** एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर याद हैं? नम्रता शिरोडकर की बहन और महेश बाबू की साली ने 1989 में फिल्म च्भ्रष्टाचारज से बॉलीवुड में कदम रखे थे। इसके बाद उन्होंने अनिल कपूर के साथ फिल्म चकिशन कन्हैयाज में काम किया था, जिसमें उन्हें काफी पसंद किया गया। शिल्पा शिरोडकर को भले ही बहन नम्रता जैसी पॉपुलैरिटी नहीं मिल पाई, लेकिन उन्होंने इंडस्ट्री में जितने भी साल काम किया, खूब नाम कमाया। लेकिन मोटापे और बढ़े वजन के कारण शिल्पा शिरोडकर ने खूब रिजेक्शन भी झेला। शिल्पा शिरोडकर ने हाल ही दिए इंटरव्यू में बॉलीवुड में अपने सफर को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए और बताया कि 90ह्य में इंडस्ट्री के लोग उन्हें च्मोटीज बुलाते थे। एक अंग्रेजी दैनिक से बातचीत में यह भी बताया कि फिल्म चदिल सेज का गाना च्छैयां छैयांज उन्हें ऑफर हुआ था, लेकिन स्नङ्खह्लड्ढ ञ्चद्धड्ड ने उन्हें रिजेक्ट कर स्रुद्यड्डद्बद्मड्ड ह्म्श्रह्ड्ड को साइन कर लिया। शिल्पा शिरोडकर से सवाल किया गया था कि उनके हाथ से च्छैयां छैयांज गाना कैसे निकला?

### शिल्पा शिरोडकर को रिजेक्ट कर मलाइका को किया साइन

जवाब में एक्ट्रेस बोलीं, च्भला कौन चाहेगा कि उसके हाथ से च्छैयां छैयांज गाना निकले, जिसमें शाहरुख खान थे। लेकिन फराह खान उस गाने के साथ आईं और उन्होंने कहा कि वो मुझे इस गाने में लेना चाह रहे थे, लेकिन अब नहीं क्योंकि उन्हें लगता है कि वह मोटी हैं। इसलिए उन्होंने मलाइका अरोड़ा को साइन कर लिया है।

### आज डेब्यू करती तो पता नहीं क्या बोलते

शिल्पा शिरोडकर से जब पूछा गया कि क्या उनका मोटापा करियर में रोड़ा बना? और अगर वह आज यानी 2023 में डेब्यू करतीं तो कैसा रिएक्शन होता? इस पर शिल्पा बोलीं, च्मुझे यह तो याद नहीं कि मेरे वजन या फिर मैं जैसी दिखती थी, उसकी वजह से मेरी सक्सेस या फिर मुझे मिले प्यार का पैमाना तय हुआ। नब्बे के दशक में इन चीजों के कोई मायने नहीं थे। हम एक समय पर एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करते थे। कई शिफ्ट में काम करते थे। अगर मुझे आज के समय में डेब्यू करना होता तो मुझे लगता है कि आज मुझे काम ही नहीं मिलता। सोचिए 90ह्य में वो लोग मुझे च्मोटीज बुलाते थे। अभी तो पता नहीं भगवान जाने कि क्या बुलाते।ज

### इंडस्ट्री में काम कर रही हूं सिर्फ मिथुन दा की वजह से

शिल्पा शिरोडकर ने आगे बताया कि आज अगर वह इंडस्ट्री में काम कर रही हैं तो इसके पीछे मिथुन चक्रवर्ती का हाथ है। वहीं अनिल कपूर ने भी उनकी बहुत मदद की थी। शिल्पा शिरोडकर ने उस वक्त को याद करते हुए कहा, च्मुझे याद है कि 90 के दशक में एक तेलुगू फिल्म की कास्टिंग चल रही थी और अनिल कपूर हैदराबाद में शूटिंग कर रहे थे। वह मेरी फोटो एल्बम लेकर प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के पास गए और मुझे वह फिल्म मिल गई। मैं आज इस इंडस्ट्री में काम कर रही हूं तो इसकी वजह मिथुन दा (चक्रवर्ती) हैं। जब मेरे हाथ से च्सौतन की बेटीज और बोनी कपूर की फिल्म च्जंगलज निकली तो इंडस्ट्री ने मुझे च्मनहूसज बता दिया था। लेकिन दादा था, जिन्होंने मुझे च्भ्रष्टाचारज में रोल दिलवाया और इंडस्ट्री में मेरे खूबसूरत सफर की शुरुआत हुई।ज

### 2013 में टीवी में एंट्री, 5 साल से एक्टिंग से दूर

शिल्पा शिरोडकर ने फिल्मों में 2000 तक काम किया और फिर एक्टिंग से ब्रेक ले लिया। इसके बाद उन्होंने 2013 में वापसी की, लेकिन शुरुआत टीवी की दुनिया से की। शिल्पा शिरोडकर ने च्एक मुट्ठी आसमानज, चसिलसिला प्यार काज और च्सावित्री देवी कॉलेज एंड हॉस्पिटलज जैसे सीरियल किए। शिल्पा शिरोडकर अभी 4-5 साल से फिर से एक्टिंग से दूर हैं।

# वो मौका जिससे धधकी उर्वशी रौतेला-ऋषभ पंत के बीच आग

**मुंबई, ईएमएस। उर्वशी रौतेला पिछले काफी समय से लगातार चर्चा में बनी हुई हैं और इसकी वजह हैं ऋषभ पंत। काफी वक्त से उर्वशी रौतेला ऐसे क्रिप्टिक पोस्ट शेयर कर रही हैं, जिन्हें लोग भारतीय स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत से जोड़ रहे हैं। वह जहां भी और जब भी कुछ पोस्ट करती हैं तो लोग उन्हें ऋषभ पंत के नाम पर ट्रोल कर देते हैं।**





हाल ही उर्वशी रौतेला ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उस अस्पताल का फोटो शेयर किया, जिसमें ऋषभ पंत भर्ती हैं और इलाज चल रहा है। यह देख यूजर्स भड़क गए और इसे घटिया पब्लिसिटी बताया। यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि उर्वशी, ऋषभ पंत से मिलने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल गई थीं।

Urvashi Rautela ¥õÚU Rishabh Pant कभी रिलेशनशिप में थे। हालांकि उन्होंने अपने इस रिश्ते पर कभी कुछ नहीं बोला और न ही रिएक्ट किया। लेकिन दोनों के बीच की सोशल मीडिया वॉर हमेशा ही चर्चा में रही है। उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत के बीच असल में क्या है और क्या नहीं, यह तो समझ से परे है। लेकिन दोनों के बीच च्लव हेटज जैसा रिश्ता रहा है। लेकिन उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत की कहानी कहां से और कैसे शुरू हुई थी? क्यों ऋषभ पंत ने उर्वशी रौतेला को वॉट्सऐप पर ब्लॉक कर दिया था? इन तमाम सवालों के जवाब और किस्से आज हम आपको बताएंगे।

### साल 2018...ऐसे मिली उर्वशी-ऋषभ पंत के अफेयर को हवा

किस्सा साल 2018 से शुरू हुआ। उर्वशी रौतेला और ऋषभ पंत एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों के बीच कुछ चल रहा है....इन अफवाहों को हवा तब मिलनी शुरू हुई थी जब दोनों को पार्टियों से लेकर रेस्ट्रॉन्ट तक में स्पॉट किया गया। दोनों कई इवेंट्स में भी साथ नजर आए। लेकिन बाद में खबर आई कि ऋषभ पंत और उर्वशी रौतेला ने एक-दूसरे को वॉट्सऐप पर ब्लॉक कर दिया है। तब उर्वशी के मैनेजर ने कहा था कि यह फैसला एक्ट्रेस और ऋषभ पंत का है। दोनों ने मर्जी से एक-दूसरे को ब्लॉक किया है। लेकिन बाद में पता चला कि उर्वशी रौतेला और ऋषभ अपने इस रिश्ते को आगे नहीं ले जाना चाहते थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उर्वशी चाहती थीं कि वह ऋषभ पंत के साथ अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल करें, पर क्रिकेटर ऐसा नहीं चाहते थे। इसी बात पर उनके बीच झगड़ा हुआ और वॉट्सऐप पर ब्लॉक कर दिया।

इसके बाद आते हैं जनवरी 2019 में। तब ऋषभ पंत ने उर्वशी रौतेला संग अफेयर की खबरों पर विराम लगाते हुए एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने ईशा नेगी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगाई थी। इसके बाद भी ऋषभ पंत ने ईशा नेगी के साथ कई और तस्वीरें शेयर की थीं।

### उर्वशी के इंटरव्यू से हंगामा, चमिस्टर ऋक्रज को लेकर कहीं बातें

लेकिन 2022 में उर्वशी रौतेला के एक इंटरव्यू ने हंगामा मचा दिया। उर्वशी रौतेला ने अगस्त 2022 में च्बॉलीवुड हंगामाज्को एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने किसी 'Mr. RP' के बारे में बात की। उर्वशी रौतेला ने कहा था कि चमिस्टर आरपीज्उनसे मिलना चाहते थे। वह 10-12 घंटे तक इंतजार करते रहे और 16-17 बार उर्वशी को कॉल भी किया था। लेकिन उर्वशी रौतेला सो गईं। उर्वशी रौतेला ने पूरा किस्सा बताते हुए कहा था कि वह दिल्ली में शूटिंग कर रही थी और पूरा शेड्यूल पैक था। तो वह वापस अपने रूम में आकर सो गईं। लेकिन चमिस्टर आरपीज लॉबी में उनका इंतजार कर रहे थे। वह वहां 10-12 घंटे तक रहे। उर्वशी रौतेला के मुताबिक, जब वह सोकर उठीं तो उन्होंने फोन में 16-17 मिस्ड कॉल्स देखीं। उर्वशी ने बताया कि उन्हें बहुत बुरा लगा। तब उन्होंने मिस्टर आरपी को फोन करके बोला कि हम मुंबई में मिलेंगे।

# कांतारा स्टार किशोर कुमार ने KGF 2 को बताया बेसिर-पैर की फिल्म, कह गए चौंकाने वाली बातें

**मुंबई, ईएमएस। कांताराज में नजर आए एक्टर किशोर कुमार जी ने एक्टर यश की फिल्म च्केजीएफ 2ज पर चौंकाने वाला बयान दिया है। किशोर कुमार जी ने च्केजीएफ 2ज को च्बेसिर-पैरज और नासमझी वाली फिल्म बता दिया। वहीं यश ने कुछ समय पहले एक इवेंट में च्कांताराज की तारीफ की थी। दोनों ही फिल्में 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्में रही हैं।**



सभी ने देखा कि एक्टर यश की फिल्म च्केजीएफ 1ज और च्केजीएफ 2ज ने रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर किस कदर तहलका मचाया था। दोनों ही फिल्मों को लोगों ने खूब पसंद किया। इस फिल्म ने यश को सभी का च्रॉकी भाईज बना दिया था। च्केजीएफ 2ज साल 2022 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई थी और इसने करीब 1200 करोड़ रुपये की कमाई की थी। शायद ही कोई होगा, जिसे यह फिल्म पसंद न आई हो या बुराई की हो। लेकिन अब च्कांताराज स्टार किशोर कुमार जी नेचत्नस्न 2 पर बेबाक राय रखी है। पर इस चक्कर में उन्होंने च्केजीएफ 2ज को च्बेसिर-पैर की फिल्मज और च्बददिमाग वाली कहानीज बता दिया।

Kantara में वन अधिकारी का रोल निभाकर चर्चा बटोरने वाले चद्बह्यद्धश्रह्न्ञ्चह्वद्वड्डह्न्‌त्न अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। हाल ही वह अपना ट्विटर अकाउंट सस्पेंड होने के कारण चर्चा में आए थे। वह हमेशा ही अपने बयानों के कारण विवादों में आ जाते हैं। अब किशोर कुमार जी नेचत्नस्न 2 पर चौंकाने वाला बयान दे दिया है। यही नहीं, उन्होंने इस फिल्म की तुलना छोटे बजट की फिल्मों से भी कर डाली। लोग भी किशोर कुमार जी के बयान पर हैरान हो रहे हैं। मालूम हो कि च्केजीएफ 2ज के साथ-साथ लोगों ने च्कांताराज्को भी काफी पसंद किया। ये दोनों ही फिल्में कन्नड़ भाषा की हैं और ब्लॉकबस्टर रहीं। पर किशोर कुमार जी ने च्केजीएफ 2ज्को नासमझ फिल्म बताया है।

### किशोर कुमार जी- केजीएफ 2 मेरे टाइम का सिनेमा नहीं

च्इंडियाटुडेज्से बातचीत में किशोर कुमार जी ने कहा, च्मुझे नहीं पता कि यह गलत है या सही, लेकिन मैंने चत्नस्न 2 नहीं देखी है। यह मेरे टाइप का सिनेमा नहीं है। यह पर्सनल चॉइस है। मैं इस फिल्म (केजीएफ 2) को देखने के बजाय कोई ऐसी छोटे बजट की फिल्म देखना पसंद करूंगा, जो भले ही हिट न हुई हो, लेकिन सीरियस मुद्दे पर हो। ऐसी फिल्म जो कहानी को दर्शाती हो न कि बददिमागी कहानी हो।ज

### यश ने च्कांताराज के बारे में कही थी यह बात

च्केजीएफज्यानी कोलार गोल्ड फील्ड्स कर्नाटक के कोलार में स्थित सोने की खदानों पर आधारित है, जिसमें यश लीड रोल में थे। वहीं च्कांताराज्एक देवता के मिथक की कहानी थी, जिसकी यूनीक स्टोरीलाइन के कारण दर्शकों ने काफी पसंद किया। इस फिल्म को ऋषभ शेट्टी ने डायरेक्ट किया था और एक्टिंग भी की थी। यश ने कांतारा देखने के बाद फिल्म की तारीफ की थी।

# पार्टी की तस्वीरें वायरल होने के बाद नीसा देवगन पहुंचीं सिद्धिविनायक मंदिर, लोग बोले- मार दी पलटी



**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं है लेकिन सुर्खियों में खूब रहती हैं। हाल में ही न्यू ईयर की पार्टी में उनका बोल्ड अंदाज खूब इंटरनेट पर चर्चा में रहा था। अब एक बार फिर नीसा देवगन हैडलाइन्स में हैं। वह मां काजोल के साथ नजर आईं। उनका इस बार अलग अवतार देखने को मिला जो कि फिर से सोशल मीडिया पर वायरल होना लाजिमी है। हुआ ये कि रविवार की सुबह नीसा देवगन ने मां के साथ सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। दोनों को एथनिक आउटफिट में मंदिर के बाहर स्पॉट किया गया। ह्4ह्यड्ड ष्द्द1द्बड्ठ इस दौरान सफेद कुर्ता, सलवार और दुपट्टे में नजर आईं। तो वहीं काजोल फ्लोरल कुर्ते में थीं और ब्राउन सनग्लासेज पहने हुए थीं। नीसा के हाथ में पूजा की थाली, प्रसाद और गले में चुनरी दिखी। इस अंदाज को देख फैंस कमेंट कर रहे हैं कि क्या अब नीसा को ट्रोल नहीं किया जाएगा। उन्होंने इमेज साफ करने के लिए ये कदम उठाया है।

### नीसा देवगन को होना पड़ा था ट्रोल

नीसा देवगन के फैंस उन्हें एथनिक आउटफिट में देखकर हैरान रह गए। वह नीसा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पिछले दिनों वह लगातार कई पार्टियों में नजर आईं जहां उनका ग्लैमरस अवतार देखने को मिला था। हालांकि कुछ लुक्स के लिए उन्हें ट्रोल भी होना पड़ा। हालांकि नीसा ने ट्रोलिंग पर कोई रिएक्शन नहीं दिया।

विदेश मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# प्रवासी भारतीय : अमृत काल में भारत की विकास यात्रा के विश्वसनीय सहयोगियों का मध्यप्रदेश में

# हार्दिक स्वागत

## 17 वें प्रवासी भारतीय दिवस का शुभारंभ

**9 जनवरी, 2023 | पूर्वाह्न 10:30 बजे**

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर, मध्यप्रदेश



प्रवासी भारतीय दिवस



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

## मुख्य आकर्षण

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री द्वारा मुख्य उद्बोधन

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश द्वारा उद्बोधन

विशिष्ट अतिथि, चंद्रिका परसाद संतोखी, राष्ट्रपति, सूरीनाम गणराज्य का उद्बोधन

मुख्य अतिथि, डॉ. मोहम्मद इरफान अली, राष्ट्रपति, को-ऑपरेटिव रिपब्लिक ऑफ गयाना का विशेष उद्बोधन

"आज़ादी का अमृत महोत्सव – भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासियों का योगदान" विषयक प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ

प्रारंभिक सत्र :
अमृत काल में हेल्थकेयर इको सिस्टम को बढ़ावा देने में भारतीय प्रवासियों का योगदान : विज़न@2047
भारत की सॉफ्ट पावर का लाभ - क्राफ्ट, व्यंजन एवं सृजन क्षमता के माध्यम से सद्भावना निर्माण

सीधा प्रसारण
DD NEWS
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

D-11189